हरिभूमि
# रायपुर भूमि





खारुन में नाले का झागदार गंदा पानी झांकने तक नहीं गए निगम के अफसर

- 2 डंपर कूड़ा करकट, कंस्ट्रकशन मटेरियल बाहर निकाला
- निगम मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग और जोन 8 की टीम करा रही नाले की मेनुअल सफाई

## खारुन में झाग, हरकत में आया निगम नदी और नाले की सफाई कराने सेंट्रल गैंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खारुन नदी में केमिकल का झाग और गंदे पानी पर चार दिन बाद नगर निगम जागा। हरिभूमि में लगातार जन स्वास्थ्य और पर्यावरण से जुड़े इस मुद्दे को उठाये जाने के बाद मंगलवार को निगम ने सफाई के लिए सेंट्रल गैंग को उतारा और नाले का मलबा रोकने के लिए जाली लगाने की पहल की। निगम मुख्यालय के स्वास्थ्य विभाग और जोन 8 की टीम ने नदी व नाले में जमा कूड़ा करकट की सफाई के लिए 20 सफाई कर्मचारियों की सेंट्रल गैंग वाली ▶▶|शेष पेज 13 पर



### पीहर नाला के पास नदी में कचरा जाने से रोकने लगाई जाली

अमृत मिशन के नोडल अधिकारी अंशुल शर्मा ने बातया, पीहर के पास जोन 8 द्वारा नाला को नये सिरे से बनाया जा रहा है, ताकि बारिश का पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर ना बहे। इसके साथ चिंगरी नाला से बहने वाला कचरा और झागदार पानी को जाली लगाकर रोका जायेगा। स्पॉट पर ▶▶|शेष पेज 13 पर

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24

## खबर संक्षेप

### हत्या मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर**। हत्या मामले में फरार एक आरोपी को कबीर नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अवधपारा सोनडोंगरी में 29 जून की रात पुरानी घरेलू विवाद पर मो. मुकीम की तीन लोगों ने चाकू से मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी मोहम्मद अल्ताफ को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के अन्य दो साथी अभी भी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। पुलिस ने अल्ताफ को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।



### नशीली टेबलेट के साथ एक गिरफ्तार

**रायपुर**। खम्हारडीह पुलिस ने एक व्यक्ति को प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ गिरफ्तार किया है। मुखबिर से सूचना मिली थी कि हैरिटेज हॉस्पिटल के पास दोपहिया वाहन सवार एक व्यक्ति नशीली टेबलेट बिक्री के लिए रखा हुआ है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे पकड़कर तलाशी ली तो उसके पास से 410 नग नशीली टेबलेट जब्त की गई। आरोपी पंचम छतर निवासी गैलेक्सी अपार्टमेंट थाना विधानसभा क्षेत्र में रहता है। मूलतः वह जिला बलांगीर ओडिशा का है।



### दंपति के क्रेडिट कार्ड से दो लाख आहरित

**रायपुर**। विधानसभा थाने की पुलिस ने दंपति से ठगी के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। प्रार्थी मो. आसिफ ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कोई अज्ञात आरोपी ने उसके और उसकी पत्नी के क्रेडिट कार्ड से दो लाख 17 हजार 789 रुपए आहरण कर लिए है। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 420 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### चाकू लेकर घूमता धरा गया बदमाश

**रायपुर**। पुरानी बस्ती पुलिस ने आर्म्स एक्ट के मामले में एक युवक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 2 जुलाई को रिंगरोड नंबर-1 कुशालपुर चाय टपरी के पास आरोपी निखिल देशलहरे उर्फ निक्की निवासी चंगोरभाठा मनजीत सिटी फेज-2 को चाकू लेकर घूमते हुए पकड़ा। आरोपी के विरुद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।



### रायपुर के साथ बलरामपुर, बलौदाबाजार, सरगुजा, कबीरधाम में जांच

# राज्य के कई जिलों में दूध-पनीर की जांच, डेयरी से 50 किलो मलाई फेंकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डेयरी, होटलों में बिकने वाले दूध से बनाए गए खाद्य पदार्थों को खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने जांच के दायरे में लिया है। रायपुर के साथ बलरामपुर, बलौदाबाजार, सरगुजा, कबीरधाम जिलों की दुकानों में दबिश देकर पनीर, दही सहित अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल उठाए गए हैं। राजधानी की एक दुकान से सैंपल लेकर पचास किलो मलाई नष्ट कराई गई है। ऐसा कहा जा रहा है कि प्रदूषित सामग्री के साथ नकली पनीर की भी कुछ शिकायतें सामने आ रही हैं। अभी बारिश का मौसम है और संक्रमण का भी खतरा मंडरा रहा है। इधर, दवा दुकानों से लिए गए सप्लीमेंट्री फूड की जांच रिपोर्ट अब तक नहीं आई है।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन के नियंत्रक द्वारा लोगों को उपलब्ध कराए जाने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर बराबर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत मंगलवार को रायपुर समेत कई जिलों में जांच टीम ने कार्रवाई करते हुए सैंपल उठाया है। रायपुर की टीम ने लोधी पारा चौक की रामा डेयरी में बिना किसी हाईजैनिक सुरक्षा के रखी गई पचास किलो मलाई को नष्ट कराया। इसके साथ वहां से खुली दही, पनीर की जांच के लिए नमूने लिए गए हैं। चंगोराभाठा के पांडे डेयरी एवं स्वीट्स ▶▶|शेष पेज 13 पर

### राजधानी में नष्ट कराई गई 50 किलो खराब हो चुकी मलाई, नमूने भी संग्रहित





#### अशोका बिरयानी का सैंपल भी डंप

शाकाहारी खाने की थाली में मिली हड्डी और हंगामे के बाद अशोका बिरयानी के फ्रीज से लिए गए सैंपल भी डंप हो गए हैं। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने वहां फ्रीज में एक साथ रखे शाकाहारी और मांसाहारी खाद्य पदार्थ के सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेजा था, जिसकी जांच रिपोर्ट का पांच दिन बाद भी इंतजार किया जा रहा है। इस मामले में जांच रिपोर्ट के आधार पर संस्थान के संचालकों से पूछताछ की जाएगी।

#### इन स्थानों से लिए गए सैंपल

रायपुर जिले की खाद्य एवं औषधि प्रशासन की अन्य टीम ने महावीर नगर स्थित मारुति डेयरी, कान्हा डेयरी एंड स्वीट गुढ़ियारी से दूध का, श्री जगन्नाथ ट्रेडर्स निमोरा से पनीर तथा शेरे पंजाब ढाबा से दही का सर्विलांस नमूना निगरानी के लिए लिया है। सूत्रों का कहना है कि इन खाद्य सैंपलों की जांच रिपोर्ट आने में भी वक्त लगेगा।

#### 32 सैंपल लिए गए, कई स्थानों में नष्टीकरण भी

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने विभिन्न जिलों से दूध और उससे बने उत्पादों की जांच के लिए नमूने लिए हैं। उसमें पांच नमूने विधिक तथा 9 सर्विलेंस सैंपल के रूप में लिया गया है। इसके साथ बलौदाबाजार तथा भाटापारा में चलित परीक्षण प्रयोगशाला (वैन) की मदद से जांच करते हुए पांच संस्थानों में 14 मिल्क प्रोडक्ट के नमूने लिये और जांच के दौरान अमानक मिलने पर चार खाद्य पदार्थों को नष्ट भी कराया। इन संस्थानों को धारा 55 के तहत नोटिस भी जारी किया गया है।

#### सप्लीमेंट फूड की रिपोर्ट नहीं मिली

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने पांच जिलों की 18 दवा दुकानों में बिकने वाले मल्टीविटामिन, बेबी फूड, प्रोटीन पावडर सहित अन्य सप्लीमेंट फूड के 17 सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा था। 16 दिन बीतने के बाद भी इसकी रिपोर्ट नहीं मिल पाई है। अधिकारियों का दावा था कि दवा दुकानों में बिकने वाले इस तरह के खाद्य पदार्थों की जांच पहली बार की गई है। इनमें मौजूद पोषक तत्वों की गुणवत्ता का पता लगाने के लिए सैंपल जांच के लिए दूसरे राज्य के लैब भेजा गया है, जिसकी रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

## रविवि फिर से लेगा लॉ के लिए प्रवेश परीक्षा, ऐसा पहली बार, पूछे गए थे सिलेबस से बाहर के सवाल

- 20 जून को हुई थी परीक्षा, अब 9 जुलाई को दोबारा होंगे पर्चे
- सर्वाधिक 461 आवेदन मिले थे लॉ विभाग की प्रवेश परीक्षा के लिए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा लॉ के लिए प्रवेश परीक्षा दोबारा आयोजित की जाएगी। इसके लिए विवि प्रबंधन द्वारा अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। रविवि द्वारा बीएएलएलबी के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन 20 जून को किया गया था। अब इसी परीक्षा का पुनः आयोजन 9 जुलाई को किया जाएगा। इसकी वजह पहले हुई प्रवेश परीक्षा में पूछे गए आउट ऑफ सिलेबस सवाल हैं। हालांकि रविवि ने अपनी आधिकारिक अधिसूचना में कहा है कि तकनीकी त्रुटियों की वजह से ये परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। परीक्षाएं 9 जुलाई को दोपहर 1 से 2 बजे के मध्य होगी। इसके बाद मूल्यांकन कार्य कर प्राप्तांकों के आधार पर छात्रों को दाखिला प्रदान किया जाएगा।

गौरतलब है कि रविवि अध्ययनशाला में संचालित पाठ्यक्रमों में दाखिले प्रवेश परीक्षा के माध्यम से ही होते हैं। सत्र 2024-25 के लिए 19 से 21 जून तक ये परीक्षाएं आयोजित की। इसके अंतर्गत लॉ की भी परीक्षा हुई। विवि द्वारा लॉ प्रवेश परीक्षा के लिए जारी सिलेबस के मुताबिक सामान्य ज्ञान तथा लॉ के बेसिक सवाल पूछे जाने थे। लेकिन परीक्षा में स्नातकोत्तर स्तर के सवाल पूछे गए। इसे लेकर बड़े पैमाने पर छात्रों द्वारा विरोध दर्ज किया गया। इसे देखते हुए रविवि द्वारा पुनः परीक्षा ली जा रही है। सत्र 2024-25 में पाठ्यक्रम के लिए सर्वाधिक आवेदन रविवि को मिले हैं, वह बीएएलएलबी है। इसके लिए रविवि को 461 आवेदन मिले।

### कई विषयों में इस बार भी नहीं भरेंगी सीटें

लॉ के लिए जहां रविवि को सर्वाधिक आवेदन मिले, वहीं कई विषय ऐसे भी रहे हैं, जिनमें सीट से कम आवेदन विवि प्रबंधन को मिले हैं। इसलिए जितने छात्रों ने इसकी परीक्षाएं दिलाई थी, उनमें से सभी का दाखिला लगभग तय है। इन विषयों में भाषा विज्ञान के अलावा प्राचीन भारतीय इतिहास सहित कई अन्य पाठ्यक्रम है। प्रवेश परीक्षाएं होने के बाद कई विभागों द्वारा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं तथा प्रवेश परीक्षाएं प्रारंभ कर दी गई हैं। मौजूदा सत्र में कुलपति की अनुमति से केवल जुलाई अंत तक ही प्रवेश दिए जाने का निर्णय लिया गया है।

## उरला हेल्थ सेंटर में लापरवाही ने ली नवजात की जान, हंगामा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- प्रभारी चिकित्सक सहित अन्य स्टाफ पर लगाए गए गंभीर आरोप

उरला के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) में डाक्टर तथा चिकित्सकीय स्टाफ की लापरवाही से नवजात की मौत हो गई। परिवार वाले प्रसूता को रेफर करने मिन्नतें करते रहे, मगर आपसी विवाद की वजह से अस्पताल स्टाफ ने इस तरफ ध्यान नहीं दिया। नाराज परिवार, मितानित सहित जनप्रतिनिधियों ने हेल्थ सेंटर घेरकर जमकर हंगामा किया और गंभीर आरोप लगाए।

मामले की जानकारी के होने पर जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा तीन चिकित्सकों की टीम बनाकर जांच के लिए उरला हेल्थ सेंटर भेजा है। उरला में रहने वाली सोनी साहू को सोमवार को प्रसव के लिए वहां लाया गया था। जांच के दौरान पता चला कि बच्चे के गले में नाल फंस गई है और वहां काफी मात्रा में गंदा पानी गया है। इसके बाद ▶▶|शेष पेज 13 पर



### पैसे लेने पौष्टिक भोजन नहीं देने का आरोप

आक्रोशित मितानिन और भीड़ में मौजूद परिवार वालों ने प्रसव कराने के लिए हेल्थ सेंटर में एक हजार रुपए तक लेने का आरोप लगाया है। नर्सिंग स्टाफ द्वारा डिलीवरी कराने के बदले पैसे लेने का वीडियो भी वायरल हुआ है। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक भोजन सहित अन्य सुविधा भी नहीं देने का आरोप लगाया गया है, जबकि नियम के अनुसार गर्भवती महिलाओं को भोजन के साथ दो वक्त का नाश्ता भी देने के निर्देश शासन स्तर पर जारी है।

### जांच के बाद कार्रवाई

सूचना के आधार पर तीन डाक्टरों की टीम बनाकर जांच के लिए भेजा गया है। उनके द्वारा प्रार्थी पक्ष, चिकित्सकीय स्टाफ के बयान लिए जा रहे हैं। लगाए गए आरोप अगर सही पाया जाता है, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

- डॉ. मिथिलेश चौधरी, सीएमएचओ

## देशभर में सक्रिय हुआ मानसून, पर राज्य में केवल उत्तरी सीमा पर बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण पश्चिम मानसून छह दिन पहले पूरे देश में सक्रिय हो गया है, मगर राज्य में भारी बारिश उत्तरी सीमा के शहरों में सिमटी हुई है। तीन चार दिनों तक मध्य में हल्की से मध्यम वर्षा का दौर जारी रहेगा। इस बीच दिन के अधिकतम तापमान में भी वृद्धि होने का अनुमान है।



मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार द्रोणिका असम तक जा पहुंची है। ऊपरी हवा का चक्रवात बिहार में मौजूद है। इसकी वजह से बिलासपुर और सरगुजा संभाग को छोड़कर प्रदेश के अन्य हिस्सा मध्य तथा बस्तर में अभी भारी बारिश होने की संभावना नहीं है। पिछले चौबीस घंटे में दुलदुला में 9, कोटा, रतनपुर सहित कुछ इलाकों में आठ सेमी. तक बारिश दर्ज की गई। राजधानी में मंगलवार को दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक होकर 31 डिग्री तक पहुंच गया। शाम होने के बाद बादल छाए, जिससे बूंदाबांदी की स्थिति बनी रही है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि राज्य में व्यापक बारिश की स्थिति दूसरे सप्ताह में ही बन रही है, हालांकि राज्य में वर्षा का मुख्य सीजन जुलाई के दूसरे पखवाड़े से प्रारंभ होता है।

## आधी रात भरभराकर गिरा ब्वॉयज हॉस्टल का पूरा प्लास्टर, जागते हुए गुजारी छात्रों ने रात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंदिरा गांधी कृषि विवि में देर रात दर्दनाक घटना होते-होते रह गई। यहां छत की प्लास्टर का बड़ा हिस्सा छात्रों के बिस्तर पर जा गिरा। इत्तेफाक से कोई भी छात्र उस वक्त बिस्तर पर नहीं था, इसलिए किसी तरह का कोई हादसा नहीं हुआ। कृषि विवि के अध्ययनशाला के शिवम बालक छात्रावास में यह हादसा हुआ। कृषि विवि के यूटीडी में 14 हॉस्टल हैं। इनमें से 6 बालिका छात्रावास हैं तथा शेष बालक छात्रावास हैं। विद्यार्थियों का कहना है कि उनके द्वारा पूर्व में भी हॉस्टल की दयनीय स्थिति से प्रबंधन को परिचित कराया जा चुका है, लेकिन विवि प्रबंधन द्वारा किसी तरह की कोई कार्रवाई अब तक नहीं की गई है।

- इंदिरा गांधी कृषि विवि की घटना, छात्र पहले भी कर चुके हैं मरम्मत की मांग

छत के किसी एक हिस्से का नहीं, बल्कि लगभग पूरे ▶▶|शेष पेज 13 पर



*छात्रावास में रखे गए हैं क्षमता से अधिक विद्यार्थी, बारिश के बीच होते रहे परेशान*



### क्षमता से अधिक छात्र

छात्रों का आरोप है कि कक्ष में क्षमता से अधिक छात्रों को रखा जा रहा है। इसके कारण भी उन्हें परेशानी भी उठानी पड़ती है। नवीन कक्ष निर्माण और प्रत्येक हॉस्टल में सीमित संख्या में छात्रों को रखने की भी मांग विद्यार्थियों द्वारा की गई है। हॉस्टल की छत गिरने की घटना के विद्यार्थियों के समूह ने कुलपति के नाम ज्ञापन भी सौंपा। इसमें छात्रों ने घटना की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। छात्रों का आरोप है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया है। इसके कारण यह स्थिति निर्मित हुई है।

### कुलपति से जांच की मांग

जिस वक्त हादसा हुआ, उस वक्त कक्ष में छात्र नहीं थे। इस कारण कोई चोटिल नहीं हुआ। हमने ज्ञापन सौंपकर कुलपति से जांच की मांग की है।

- सुजीत सुमेर, प्रदेश सचिव, एनएसयूआई

## जून के बिल में अब 20 पैसे महंगी बिजली का करंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं को इस माह जुलाई का जो बिल आना प्रारंभ हुआ है, उसमें जून से बिजली का नया टैरिफ लागू होने के कारण बिजली की कीमत बढ़ गई है। घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली 20 पैसे यूनिट महंगी हुई है।



इसी के साथ कृषि और स्टील उद्योग की बिजली 25 पैसे यूनिट महंगी की गई है। कृषि की बिजली अब 5.05 के स्थान पर 5.30 रुपए हो गई है। स्टील उद्योग को लोड फैक्टर में जो 25 फीसदी सस्ती बिजली का लाभ मिल रहा था, वह अब जून से कम होकर 10 प्रतिशत हो गया है।

पॉवर कंपनी ने बिजली नियामक आयोग में अपनी जो याचिका लगाई थी, उसमें कंपनी ने 4420 का घाटा अनुमानित बताया था, इसको ▶▶|शेष पेज 13 पर

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

**खबर संक्षेप**

## केंद्रीय वित्त आयोग का छत्तीसगढ़ दौरा 11 को

**रायपुर।** केंद्रीय वित्त आयोग छत्तीसगढ़ के दौरे पर 11 जुलाई को आ रहा है। यह आयोग राज्य सरकार से चर्चा के बाद केंद्र से राज्य को मिलने वाली राशि का निर्धारण करेगा। बताया गया है वित्त आयोग राज्य के स्थानीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं को राज्य की मांग के हिसाब राशि देने के संबंध में विचार विमर्श करेगा। आयोग इस संबंध में अपनी अनुशंसा करेगा। बताया गया है कि वित्त आयोग के साथ होने वाली बैठक में मुख्यमंत्री समेत सरकार के सभी मंत्री, मुख्य सचिव समेत अन्य प्रमुख अधिकारी भी शामिल होंगे। बताया गया है कि 16 वे वित्त आयोग की सिफारिशें अप्रैल 2026 से लागू होंगी। इससे पहले वित्त आयोग देश के राज्यों का दौरा कर रहा है। वित्त आयोग के कामकाज के संबंध में बताया गया है कि आयोग का मुख्य काम केंद्र और राज्यों के बीच करों की शुद्ध आय का वितरण राज्यों को दी जाने वाली अनुदान सहायता को नियंत्रित करने वाले कारकों और उसके परिमाण का निर्धारण करना है। इसके साथ ही राज्य में पंचायतों और नगर पालिकाओं के संसाधनों के पूरक के लिए राज्य के कोष को बढ़ाने के लिए आवश्यक उपायों के संबंध में राष्ट्रपति को सिफ़ारिशें करना, औद्योगिक विकास के लिए वित्तीय बाधाओं को दूर करना भी है।

## भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक की तारीख बदलेगी, 11 को होनी थी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में होने वाली प्रदेश भाजपा कार्यसमिति की बैठक की तारीख बदलने की संभावना है। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह बैठक 11 जुलाई को होने वाली थी, लेकिन अब इस दिन यह बैठक नहीं होगी। इस संबंध में बताया गया है कि 11 जुलाई को केंद्रीय वित्त आयोग का छत्तीसगढ़ दौरा होने वाला है। इस वजह से कार्यसमिति की बैठक की तिथि बदली जा रही है। कार्यसमिति की बैठक में प्रदेश सरकार के सभी मंत्री भी शामिल होते हैं। खास बात ये है कि कार्यसमिति की बैठक में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर भी शामिल होंगे।

## भूपेश ने महादेव एप के आरोप पर लोकसभा अध्यक्ष को लिखा पत्र

**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज लोकसभा में राजनांदगांव के सांसद द्वारा सुनियोजित दुष्प्रचार के तहत दिए गए बयान का संज्ञान लेते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि संसद सदस्य संतोष पांडेय द्वारा "महादेव एप" के संबंध में कही गई बातों और मुझ पर लगाए गए आरोपों के तथ्य प्रस्तुत करवाने के निर्देश आपकी ओर से जारी किए जाएं। इस निराधार आरोप को संसद की कार्यवाही से विलोपित करने के निर्देश जारी करें। गलत तथ्यों के आधार पर संसद में गैर-मौजूद किसी व्यक्ति पर दोषारोपण करने के लिए उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

# विधानसभा सत्र के लिए लगे 770 सवाल, अनपूरक बजट और विधेयक होंगे पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा के मानसून सत्र के लिए विधायकों के सवाल लगने शुरू हो गए हैं। पांच दिनों के सत्र के लिए अब तक 770 सवाल लग चुके हैं। विधायकों के लिए सवाल लगाने का बुधवार को अंतिम दिन है। सत्र के दौरान अधिकतम सवाल ऑनलाइन लगाए गए हैं।

विधानसभा सचिवालय इन सवालों को जवाब के लिए विभागों को भेजा जा रहा है। सत्र में कानून व्यवस्था, कृषि और अन्य विभागों से संबंधित सवाल लगाए गए हैं। सत्र के दौरान राज्य सरकार की ओर से कई संशोधन विधेयक और अनुपूरक बजट भी लाने की तैयारी है। सत्र को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष की तैयारी जोरों पर है। छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र 22 से 26 जुलाई तक आहूत की गई है।

अधिसूचना जारी होने के साथ ही 26 जून से सवाल लगने का क्रम शुरू हो गया था। पिछले पांच दिनों में विधायकों ने 770 सवाल लगाए हैं। इनमें 738 सवाल ऑनलाइन लगाए गए हैं। वहीं 32 सवाल ऑफलाइन लगाए गए हैं। इन सवालों में 395 सवाल तारांकित और 375 सवाल अतारांकित प्रकृति के हैं। तारांकित सवालों पर सदन में विधायकों द्वारा प्रति प्रश्न किए जा सकते हैं। सत्र के दौरान प्रश्नोत्तरी और शासकीय कार्य लिए जाएंगे। अंतिम दिन अशासकीय कार्य भी निपटाए जाएंगे।

### सवाल लगाने का आज अंतिम दिन

#### लाए जाएंगे संशोधन विधेयक

मानसून सत्र में सरकार कई महत्वपूर्ण संसोधन विधेयक पेश कर सकती है। राज्य में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव को लेकर नगरीय निकायों में अध्यक्ष, महापौर चुनाव प्रत्यक्ष रूप से किए जाने को लेकर संशोधन विधेयक लाएगी। कैबिनेट की बैठक में इस पर सैद्धांतिक सहमति हो चुकी है। वहीं नक्सल वाद पुनर्वास नीति को लेकर राज्य सरकार संशोधन विधेयक ला सकती है। आबकारी विभाग में नई शराब नीति के तहत नियमों में संशोधन करेगी। विभागों द्वारा इस संबंध में राज्य सरकार को प्रस्ताव देकर कैबिनेट की अनुमति के बाद कुछ और संशोधन विधेयक लाया जा सकता है।



#### सरकार को घेरने का होगा प्रयास

*नई सरकार बनने के बाद यह तीसरा सत्र होगा। सत्र में रूप से खाद-बीज वितरण को लेकर चर्चा किए जाने के साथ अन्य विभागों की कार्यप्रणाली को लेकर विपक्ष सरकार को घेरने का प्रयास करेगा। माना जा रहा है कि सत्र के दौरान कई मामलों में हंगामा होने के आसार हैं। राज्य में नदियों से रेत निकाले जाने को लेकर पूरे प्रदेश में अवैध उत्खनन को लेकर कई सवाल लगे हैं। ऐसे मामलों में कार्रवाई न होने से हंगामे के आसार हैं।*

## जो जम्मू कश्मीर में बम फोड़ते रहे, कन्हैयालाल टेलर का गला काटा, वो कौन से समाज से हैं?

# संसद में संतोष पांडे ने राहुल गांधी से पूछा हिंदुस्तान के अंदर हिंसा कौन फैला रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के सांसद संतोष पांडेय ने हिंदुओं को हिंसक, नफरती और असत्यवादी कहे जाने पर राहुल गांधी पर मंगलवार को लोकसभा में जमकर हमला बोला। श्री पांडेय ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चल रही चर्चा में हिस्सा लेते हुए सवाल किया कि हिंदुस्तान में हिंसा कौन फैला रहा है? राहुल गांधी ने सोमवार को लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान हिंदू समाज को हिंसक कहा था। श्री पांडेय ने राहुल गांधी के कथन पर कड़ी आपत्ति जताई।



श्री पांडेय ने मंगलवार को चर्चा में भाग लेते हुए कहा, राहुल गांधी ने जो शुरुआत की है, हिंदुत्व और हिंदू को लेकर तथा भाजपा के लोगों को जो हिंसक कहा है, उस परिप्रेक्ष्य में राहुल गांधी कुछ प्रश्न के जवाब दें। क्या हिंदू हिंसक हो रहा है? क्या भाजपा हिंसा की बात करती है? हिंदुस्तान के अंदर हिंसा कौन फैला रहा है? हिंदू समाज कितना हिंसक हुआ है? कितना हिंसक यह तथाकथित शांतिप्रिय समाज है, यह पूरा भारत जानता है। क्या कर्नाटक में प्रवीण नेतारु की हत्या हिंदू समाज की भीड़ ने की थी? क्या राजस्थान में कन्हैयालाल टेलर की हत्या गला रेत करके हिंदू समाज ने की थी? क्या यह हिंदू समाज है, जो अलग-अलग जगह पर हंगामा खड़ा कर रहा है? जिस तरीके की हत्याएं पूरे हिंदुस्तान के अंदर हो रही हैं, उसकी चर्चा करते हुए श्री पांडेय ने राहुल गांधी से सवाल किया कि जम्मू-कश्मीर में बम विस्फोट करने वाला किस समाज का है? जम्मू-कश्मीर में हमला करने वाले किस समाज से आते हैं? फिलिस्तीन जिंदाबाद के नारे चिल्ला-चिल्लाकर लगाने वाले किस समाज के हैं?



**देश के 110 करोड़ हिंदू आहत, माफी मांगें**

### अरुण साव बोले- राहुल के बयान के खिलाफ भाजपा उतरेगी सड़क पर

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, लगातार तीसरी बार फेल और बार-बार लांच के बावजूद फेल हो चुके राहुल गांधी का नेता प्रतिपक्ष के रूप में पहला ही भाषण झूठ, निराशा और तथ्यहीन बातों से भरा झूठ का पुलिंदा रहा है। इतना ही नहीं, उनका अपने भाषण के दौरान आचरण भी संसदीय गरिमा के अनुरूप बिलकुल भी नहीं था। उनके बयान के खिलाफ भाजपा रणनीति बनाकर सड़क पर उतरेगी और आंदोलन करेगी। एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री साव ने कहा, लोकसभा में चर्चा राष्ट्रपति के अभिभाषण हो रही थी, लेकिन राहुल गांधी ने उस बाबत औपचारिकतावश भी एक शब्द नहीं बोला। सदन में राहुल गांधी ने केवल और केवल झूठ बोला। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को राहुल गांधी का ज्ञानवर्धन करना चाहिए और समझाना चाहिए कि भारत की संसदीय गरिमा को कम न करें। श्री गांधी ने अपने भाषण में न केवल हिंदुओं का घोर अपमान किया, न केवल हिंदुओं को हिंसक, नफरती और झूठा बताया, बल्कि अग्निवीर, किसान, अयोध्या, माइक, सब पर झूठ और केवल झूठ बोला। राहुल गांधी को अविलंब हिंदुओं का अपमान करने के लिए और सदन में झूठी बयानबाजी करने के लिए देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। श्री साव ने कहा, राहुल गांधी झूठ बोल कर भाग जाने में माहिर हैं। उन्होंने कहा, राहुल जी आप सदन में झूठ नहीं बोल सकते, आपको अपनी बातों को साबित करना होगा।

### भूपेश बोले- राहुल ने हिंदू को हिंसक नहीं बताया, यह भाजपा का दुष्प्रचार

राहुल गांधी के बचाव में उतरे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, राहुल ने संसद में बस इतना कहा कि डरो मत, डराओ मत, इसी बात को लेकर उन्होंने भगवान शिव की तस्वीर दिखाई है। भगवान शिव की अभय मुद्रा को दिखाया है। उन्होंने सदन को बताया कि किस तरह से दस सालों से डराने की कोशिश हो रही है। उनका इशारा भाजपा नेताओं की ओर था। उनके भाषण का सार यही था। राहुल बस ये कह रहे थे कि जो हिंसा के मार्ग पर चलते हैं, वो हिंदू नहीं हो सकते। भाजपा के नेता और आरएसएस के लोग देश में डर का माहौल पैदा कर रहे हैं। कांग्रेस कभी हिंदू समाज का विरोधी रहा नहीं है। हिंदू मतलब भाजपा नहीं है।



### राहुल के बयान की सच्चाई से लोगों को अवगत कराने कांग्रेस का शांति संदेश

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा, लोकसभा सदन में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा दिये गये बयान को भाजपा के नेता तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे हैं, ताकि जनता के बीच उनकी छवि धूमिल हो, जबकि उस बयान की मूल सच्चाई यही है कि देश में नफरत और हिंसा की राजनीति भाजपा करती है। राहुल गांधी ने कहा, भाजपा और आरएसएस ही केवल हिन्दू नहीं हैं, भाजपा और उनके नेता अब तक लोगों को गुमराह करने की कोशिश में हिन्दू धर्म पर अपने पूर्ण एकाधिकार का दावा करते आये हैं। भाजपा के लोग सबसे पुराने और सबसे सहिष्णु हिंदू धर्म का दुरुपयोग कर रहे हैं।

## केदार कश्यप बोले

# भूपेश की पांडेय पर कार्रवाई की धमकी हास्यास्पद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा, लोकसभा में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के सांसद संतोष पांडेय द्वारा महादेव एप का जिक्र किए जाने पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बिफरना चोर की दाढ़ी में तिनका की कहावत की पुष्टि करने के लिए पर्याप्त है। श्री कश्यप ने इस भाषण के लिए श्री बघेल द्वारा भाजपा सांसद श्री पांडेय के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की धमकी को निरा हास्यास्पद व बघेल के संसदीय प्रक्रिया के अल्पज्ञान का परिचायक बताया।



श्री कश्यप ने कहा, श्री बघेल पांच साल मुख्यमंत्री रहे हैं और फिर भी संसदीय प्रक्रिया को भूल रहे हैं, यह विडम्बना ही है। दरअसल, समूची कांग्रेस के राजनीतिक चरित्र का संसदीय गरिमा और मर्यादा से दूर-दूर तक वास्ता नहीं रहा है, इसलिए श्री बघेल अपने अल्पज्ञान का परिचय दे रहे हैं। श्री कश्यप ने कहा, श्री बघेल को फिर भी इतना सामान्य ज्ञान तो होना ही चाहिए कि संसद के भीतर कहे गए किसी भाषण के लिए बाहर कारवाई नहीं हो सकती। अगर कहीं ऐसा संभव होता तो राहुल गांधी हमेशा जेल में ही रहते। भाजपा सांसद श्री पांडेय ने संसद में किसी का नाम नहीं लिया है और पूर्व मुख्यमंत्री तो कांग्रेस के और भी रहे हैं, लेकिन भूपेश बघेल द्वारा श्री पांडेय के कथन को स्वयं पर लेना चोर की दाढ़ी में तिनका ही है। श्री कश्यप ने कहा कि न केवल महादेव एप, बल्कि शराब समेत अन्य तमाम घोटाले में किंगपिन किसे कहा गया है, पॉलिटिकल मास्टर कौन है, यह किसी से छिपा थोड़ी है। कोर्ट ने भी प्रथम दृष्टया मान लिया है कि तब के मुख्यमंत्री की उप सचिव दोषी हैं। गूगल पर केवल 508 करोड़ टाइप करते ही समझ जाएंगे कि कौन सरग़ना और प्रोटेक्शन मनी खाने वाला है।

श्री कश्यप ने कहा कि शराब घोटाले में भी भूपेश बघेल कहते थे कि इसमें तानाशाही हो रही है, सरकार को बदनाम करने की कोशिश हो रही है, पर अब शराब घोटाले के जो आरोपी हैं और जो गिरफ्तार हुए हैं, उन्होंने बता दिया है कि हम नकली होलोग्राम बनाते थे। सौम्या चौरसिया, जो मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उप सचिव रही है, उसको आज तक जमानत नहीं मिली है। श्री कश्यप ने कहा, भूपेश बघेल ही इन घोटालेबाजों के संरक्षक हैं, महादेव एप घोटाला भी उनका, शराब घोटाला भी उनका और कोयला घोटाला भी उनका।

# मोदी सरकार के रीफार्म, परफार्म और ट्रांसफार्म ने भारत को तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, राष्ट्रपति के अभिभाषण में भारतीय विकास यात्रा की मजबूती और सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं तथा अन्य अनेक विषयों के साथ वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती साख का उल्लेख है।



श्री अग्रवाल ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछले कुछ समय से लगातार काम करते आ रहे हैं। रीफार्म, परफार्म और ट्रांसफार्म के प्रधानमंत्री के चमत्कारिक संकल्प ने भारत को दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना दिया हैं। सबसे उल्लेखनीय यह है कि राष्ट्रपति ने नई सरकार के पहले बजट से अपेक्षा की है कि उसमें अनेक ऐतिहासिक कदम उठाएं जाएंगे और वह निश्चित ही दूरगामी दृष्टिकोण लिए होगा, जिसमें सरकार की दूरगामी नीतियां प्रभावी ढंग से दिखाई देंगी।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले समय में नीति, नीयत और निर्णयों से देश के हर वर्ग को मुख्य धारा में लाने का प्रयास किया है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण स्टार्टअप योजना का क्रियान्वयन है। निश्चित ही यह गौरव का विषय है कि 675 में से 600 जिलों में यह काम कर रहा है। हमारा खिलौनों का निर्यात 1844 करोड़ों रुपए का हो गया है। हमारा डिफेन्स एक्सपोर्ट एक दशक में 21 हजार करोड़ तक पहुंच गया है। यानी इसमें 18 गुना की वृद्धि हुई है। इतना ही नहीं उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में 2 डिफेंस कोरिडोर्स विकसित हो रहे हैं।

# नगरीय निकायों के निर्माण कार्यों पर नजर रखने अब उच्च स्तरीय निगरानी समिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों( नगर निगम, पालिका और नगर पंचायत) के निर्माण संबंधी कार्यों और परियोजनाओं पर पूरे समय सरकार की नजर रहेगी। इस काम के लिए राज्य शासन ने विभागीय उच्च स्तरीय निगरानी समिति (डीएचएलएमसी) का गठन किया है। इस समिति का कार्यक्षेत्र पूरा प्रदेश होगा। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। आदेश में कहा गया है कि नगरीय निकायों में निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्तायुक्त निर्माण कार्य पूर्ण करने तथा परियोजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा के लिए इस समिति का गठन किया गया है।

### डीएचएलएमसी में होंगे ये अधिकारी

*डीएचएलएमसी योजनाओं का समीक्षा का काम करेगी। मुख्यंत्री, उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन विभाग के भारसाधक मंत्री, द्वारा नगरीय निकायों में की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करेगी। इसके साथ ही विभागीय सचिव द्वारा डीएचएलएमसी को सौंपी गई अन्य योजनाओं, परियोजनाओं की समीक्षा करेगी। समिति में शासन स्तर पर उप सचिव नोडल अधिकारी तथा विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी तकनीकी सहायक नोडल अधिकारी होंगे। संचालनालय स्तर पर अपर नोडल अधिकारी तथा मुख्य अभियंता सहायक नोडल अधिकारी होंगे। सूडा स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी नोडल अधिकारी तथा अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकार, उप मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहायक नोडल अधिकारी होंगे। निगम स्तर पर आयुक्त तथा वरिष्ठतम अभियंता सहायक नोडल अधिकारी होंगे। क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर संयुक्त संचालक नोडल अधिकारी तथा कार्यपालन- अधीक्षण अभियंता सहायक नोडल अधिकारी होंगे। नगर पालिक, नगर पंचायत में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नोडल अधिकारी तथा वरिष्ठतम अभियंता सहायक नोडल अधिकारी होंगे।*

### प्रदेश के मंत्री सुनेंगे सप्ताह में पांच दिनों तक समस्याएं

**रायपुर।** प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार के मंत्री एक बार फिर से भाजपा के प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में सप्ताह में पांच दिनों तक बैठकर भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ आम जनों की समस्याएं सुनेंगे। इसका आगाज गुरुवार से होगा। पहले दिन प्रदेश के वाणिज्य और उद्योग मंत्री लखन देवांगन ठाकरे परिसर में रहेंगे। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद ठाकरे परिसर में प्रदेश के अलग-अलग मंत्रियों को एक-एक दिन दोपहर को दो बजे से शाम को पांच बजे तक बैठकर भाजपा के कार्यकर्ताओं के अलावा आमजनों की समस्याएं सुनने की जिम्मेदारी दी गई है। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले रोज ठाकरे परिसर में मंत्रियों का दरबार लग रहा था।




## दो रीडर का वेतन वृद्धि रोकने व एक पटवारी पर कार्रवाई के दिए निर्देश

# कछुआ गति से निपटाए जा रहे राजस्व प्रकरण, धरसींवा के तहसीलदार व नायब तहसीलदार को शोकॉज नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में राजस्व प्रकरण कछुए गति से निपटाए जा रहे हैं। इसके कारण जिलेभर के तहसील कार्यालयों में 7 हजार से ज्यादा प्रकरण लंबित हैं। हरिभूमि ने तहसील कार्यालयों में लंबित प्रकरणों को लेकर खबर प्रकाशित की थी। इसका असर अब देखा जा रहा है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने मंगलवार को धरसींवा तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राजस्व प्रकरणों की जानकारी भी ली। तहसील में लंबित प्रकरणों की संख्या ज्यादा होने पर नाराजगी जताई और यहां के एक तहसीलदार और एक नायब तहसीलदार को शो-कॉज नोटिस देने के निर्देश दिए।

**खबर का असर**


धीमी गति से निपटाए जा रहे राजस्व के प्रकरण, लोग हो रहे परेशान

### ढाई सौ से ज्यादा प्रकरण लंबित

धरसींवा तहसील कार्यालय में ढाई सौ से ज्यादा प्रकरण लंबित हैं। इनमें कई प्रकरण सालों पुराने हैं, जिनका निराकरण नहीं किया गया है। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान कार्यालय में राजस्व प्रकरणों की विस्तृत जानकारी ली और पंजी-अभिलेख का अवलोकन किया। कलेक्टर ने फाइलों को देखा और अधूरे दस्तावेज संलग्न होने पर नाराजगी जताई। इस दौरान भारी कमियां मिलने पर धरसींवा तहसीलदार जयेंद्र सिंह और नायब तहसीलदार संदीप सिंह राजपूत को शो-कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

### दो रीडर का वेतन वृद्धि रोकने व एक पटवारी पर कार्रवाई के दिए निर्देश

कलेक्टर ने पंजी-अभिलेख रूम में अधूरे दस्तावेज संलग्न किए जाने पर रीडर दिलीप घोष और मिथिलेश ध्रुव की वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। राजस्व प्रकरणों के तहत पटवारी प्रतिवेदन नहीं देने पर उन्होंने उरला पटवारी दिलीप नायक के खिलाफ भी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने रिकॉर्ड दुरुस्ती के साथ प्रकरणों का जल्द निराकरण करने के भी निर्देश तहसीलदारों को दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, सहायक कलेक्टर अनुपमा आनंद व एसडीएम नंदकुमार चौबे भी उपस्थित थे।

### रायपुर में सर्वाधिक लगभग 4 हजार प्रकरण लंबित

जिले में सबसे ज्यादा प्रकरण रायपुर में लंबित हैं। यहां लंबित प्रकरणों की संख्या लगभग चार हजार है। इसी प्रकार अभनपुर में 15 सौ से ज्यादा, आरंग में 1 हजार से ज्यादा, खरोरा में 3 सौ से ज्यादा, तिल्दा नेवरा में 6 सौ से ज्यादा, गोबरा नवापारा में साढ़े तीन सौ से अधिक प्रकरण लंबित हैं।

## खबर संक्षेप



### महिलाओं ने रैली निकालकर दिया जल जागरुकता संदेश

**आरंग।** ग्राम चरौदा में मंगलवार को विभिन्न महिला संगठनों से जुड़ी नारी शक्तियों ने जल जागरूकता रैली निकाली। जिसमें स्कूली बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर मातृ-शक्तियों ने जल जागरूकता संबंधी जागरूकता नारे लगाते हुए बच्चों को जल संरक्षण का महत्व बताया। साथ ही जल जागरूकता पर दीवार में नारा लेखन कर लोगों को जल जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर ग्राम संगठन पदाधिकारी सकुन चंद्राकर, सक्रिय महिला मेनका धीवर, मोगरा साहू, किरण धीवर, मिथिला, निर्मलकर, सुशीला यादव, होमेश्वरी, ममता, पार्वती, रामकली, बिन्दा, अर्चना, राधा, ममता, दुर्गेश्वरी, सरस्वती, सीआरपी मीना साहू, मितानिन जयंती साहू, दिनेश्वरी धीवर, टामिन साहू, ओमेश्वरी धीवर, सुनीता धीवर, मालती, रोजगार सहायक उमा साहू, सहित शिक्षकों व बड़ी संख्या में बच्चों की उपस्थिति व सहभागिता रही।

**निरीक्षण :** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह पहुंचे आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, बच्चों से की बातचीत

# कलेक्टर ने स्कूली बच्चों से वितरित पुस्तकों की ली जानकारी, स्वयं ही बैग खोलकर भी देखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा

- आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के लिए पके भोजन का कलेक्टर ने चखा स्वाद
- जर्जर स्कूल बिल्डिंग को नष्ट करने के निर्देश

जिला कलेक्टर डाक्टर गौरव सिंह मंगलवार को विधानसभा सभा धरसींवा के कई ग्राम पंचायतों सहित नगर पंचायत कुरा और स्वास्थ्य केंद्र सहित ब्लाक मुख्यालय धरसींवा में खाद गोदामो का निरीक्षण किये साथ ही ग्राम बरबन्दा में समस्याओं से भी अवगत हुए इस अवसर पर धरसींवा विधायक अनुज शर्मा भी मौजूद रहे।साथ ही जिला कलेक्टर ने स्कूल और स्वास्थ्य केंद्रों पर भी अपनी अचौक निरीक्षण में कई कड़े निर्देश भी दिए।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह धरसींवा के ग्राम कुँवरगढ़ ( कुरा) स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पहुंचे। कलेक्टर ने स्कूल से निकलने वाले बच्चों को रूकवाया और उनके बैग को खोलकर स्वयं देखा और वितरित पुस्तकों की जानकारी ली। कलेक्टर ने स्कूल की तरफ से पुस्तकें मिलने की बात पूछी। इस दौरान बच्चों ने कलेक्टर को बताया कि पुस्तकें मिल चुकी है और सुरक्षित करने कवर भी लगा दिए है। इस पर कलेक्टर ने कहा कि अच्छे से पढ़ाई कीजिए। बता दे कि मंगलवार को अल सुबह 11 बजे जिला कलेक्टर ने कुरा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में पहुंचकर बच्चों से बातचीत की। कलेक्टर ने बच्चों से उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा और स्कूल खुलने के टाइमिंग को भी पूछा। साथ ही स्कूल परिसर के जर्जर और पुराने भवन को नष्ट करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने उस स्थान को उपयोगी बनाने के लिए कहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप, सहायक कलेक्टर सुश्री अनुपमा आनंद और एसडीएम श्री नंदकुमार चैबे व धरसींवा तहसीलदार जयेन्द्र सिंह उपस्थित थे।



### कलेक्टर ने चखा मध्यान्ह भोजन का स्वाद

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने ग्राम कुरा के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में मध्यान्ह भोजन कीचन का अवलोकन किया। कलेक्टर ने जल्द ही कीचन शेड को सुधार करने के निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर कुरा के आंगनबाड़ी केंद्र में पहुंचे और मध्यान्ह भोजन का स्वाद चखा। कलेक्टर ने वहां की व्यवस्थाओं को भी देखी। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों के बाहर पौधेरोपण करने के निर्देश दिए और फेंसिंग करने के लिए भी कहा। इसके अलावा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कुरा के मध्यान्ह भोजन कीचन का अवलोकन किया और आवश्यक निर्देश दिए।



### चार साल से भवन निर्माण अधूरे कलेक्टर ने जल्द करने के दिये निर्देश

जिला कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने पिछले 4 सालो से नही बन रहे 12 रूम के शासकीय प्राथमिक शाला भवन का भी मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किए जहां शाला भवन निर्माण को लेकर मौके पर उपस्थित शिक्षा विभाग के डीएमसी को निर्देशित कर कहा की स्कूल भवन की निर्माण कार्य को गंभीरता से लेकर कार्य को करने निर्देशित दिए और मिडिल स्कूल परिसर में जर्जर पुराने गांधी घर भवन को तोड़वाकर शेड निर्माण कराने का आदेशित किया। इस अवसर पर नगरपंचायत अध्यक्ष डालेंद्र वर्मा, पूर्व पार्षद प्रेमलाल पाल, इंजीनियर कमलेश साहू, हेमिन बाई साहू, संतोष साहू एवं समस्त विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे है।

## करहीडीह में सेवानिवृत्त प्रधान पाठक को दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

शासकीय सेवा में योगदान देना और एक समय के बाद अवकाश ग्रहण करना सभी सरकारी कर्मचारियों के लिए निश्चित है। इसी कड़ी में शिक्षा विभाग में 35 वर्ष 4 माह 27 दिन की शासकीय सेवा देकर अमरबाई रात्र प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला करहीडीह से सेवानिवृत्त हुईं। उनकी गरिमामयी और निष्ठापूर्वक सेवा के लिए उनके सम्मान समारोह का आयोजन सोमवार को शाला के समस्त स्टॉफ एवं शाला प्रबंधन समिति द्वारा किया गया। सम्मान समारोह में संकुल और आसपास के शिक्षकों ने शमिल होकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। संकुल प्राचार्य भानसोज बांदे सर ने सेवानिवृत्त प्रधान पाठक के बारे में बताया की उनका हमेशा से ही सहज सरल व्यक्तित्व रहा, कभी किसी स्टॉफ के साथ द्वेष नहीं था, बच्चों को बेहद प्यार करने वाली और उनके द्वारा किए गए स्कूलों की गुणवत्ता सुधार हेतु अथक प्रयास की सराहना किया। बच्चों द्वारा आए हुए अतिथियों की स्वागत के लिए स्वागत नृत्य किया गया। संकुल समन्वयक भानसोज धनंजय साहू ने कहा कि मैडम बहुत ही मृदू भाषी रही है और जब भी मैडम से मिलने का अवसर मिला हमेशा ही सकारात्मक ऊर्जा के साथ बातचीत होता था। पीएम श्री स्कूल शासकीय प्राथमिक शाला भानसोज के प्रधान पाठक डी.डी. पाटिल ने एक बेहद ही अनूठी बात बताई मैडम जब भानसोज में सहायक शिक्षक के पद पर थी तो उस समय भानसोज की दर्ज संख्या 500 हुआ करती थी तो मैडम पूरे 500 के 500 बच्चों के नाम और उनके पालकों के नाम बता देती थी ऐसा अद्भुत प्रतिभा की धनी आज हमारे विभाग से सेवा पूर्ण कर रहें और आने वाले युवा पीढ़ी को प्रेरित करके जा रहें।

## दो जेसीबी सहित पांच हाईवा जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलयारी

खबर का असर

- अवैध मुरुम खनन पर हुई कार्रवाई

धरसीवां ब्लाक के ग्राम कुथरेल सहित आसपास के गांव में काफी दिनों से अवैध मुरुम खनन का कार्य धड़ल्ले से चल रहा था। भू माफियाओ और जेसीबी मालिक द्वारा मिल कर रात्रि कालीन में अवैध खनन कर रहे जेसीबी व पांच हाईवा सहित कुथरेल में अवैध मुरुम खनन जोरों से चल रहा था । जि स की सूचना खनिज विभाग के अधिकारियों को जानकारी मिली।

जिससे ग्राम कुथरेल में रात्रि कालीन अवैध मुरुम खनन कार्य कर रहे वाहनों को मौके पर विभाग की टीम पहुंचे और जेसीबी सहित हाईवा जप्त कर कार्रवाई की गई। सिलयारी चौकी में सुरक्षार्थ खड़ी की गई है।

## कोरासी में सास बहू सम्मेलन संपन्न



**आरंग।** आरंग के ग्रामीण अंचल मे आयुष्मान आरोग्य मंदिर कोरासी मे सास बहु सम्मलेन का आयोजन किया गया। जिसमे गांव से 40 जोड़ी सास और बहुएं शामिल हुई। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय लक्ष्मी अंनत ने बताया की प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 27जून से 10 जुलाई एवं 11 से 24 जुलाई तक कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगो को परिवार नियोजन के महत्त्व के बारे मे लोगो को पुरुष नसबंदी के बारे मे जागरूकता करना व पुरुषो की सभागिता को बढ़ाना है। डॉ विजय लक्ष्मी ने बताया की इसी प्रकार का आयोजन पुरे ब्लॉक मे सभी जगह किया जाना है। कार्यक्रम मे सेक्टर नोडल पुष्पालता चंद्रकांर, सुपर वाइजर परसराम साहू, अश्वनी साहू, खिलानद साहू, दयालु, विष्णु बंजारे, नीता शर्मा, गीता साहू, लीना देवांगन, मीरा वर्मा, नेहा, यशोदा निषाद, लक्ष्मी साहू, मितानिन प्रभा साहू, सुशीला साहू, अमरीका साहू, राधिका पटेल, दशोदा चेलक, निकिता, पार्वती, संतोशी एवं सास बहुएं प्रमुख रूप से शामिल थे।

## पढ़ाई तिहार एवं पौधारोपण से बच्चों के चेहरे पर आई मुस्कान



**आरंग।** मंगलवार को अरुंधती देवी संकुल के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों में पढ़ाई तिहार एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माताओं एवं नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत कर मुंह मीठा कराया गया तथा एफएलएन के अंतर्गत होने वाली समूह गतिविधि जैसे "एक मोटा हाथी घूमने चला," "मम्मी की रोटी गोल–गोल, चंदा गोल सूरज गोल लड्डू और पेड़ा गोल" जैसी रोचक गतिविधियों से नव प्रवेशी बच्चों का उत्साह बढ़ाया गया। साथ ही एमएम नर्सिंग कॉलेज लालपुर रायपुर कि छात्रओं के द्वारा विद्यार्थियों को चित्र चार्ट के माध्यम से स्वच्छता के टिप्स दिए गए। जिसमें अन्य कक्षा के विद्यार्थियों ने भी गीत, कहानी, कविता एवं अपने अंग्रेजी इंट्रोडक्शन से प्रभावित किया। वही वृक्षारोपण गतिविधियों में शाला विकास समिति एवं गणमान्यगणों ने भी भाग लेते हुए हरे भरे पर्यावरण का संदेश दिया। इन गतिविधियों में शासकीय बालक प्रायमरी एवं पूर्व माध्यमिक शाला सदर रोड आरंग में गणमान्य खेमलाल खेलवार, हरिराम, राजकुमार आहूजा, विनोद कुमार गुप्ता, रामकुमार गुप्ता, पालकगण केशव देवांगन, आरती साहू, इतवारी देवार, प्रमिला निषाद, दीपेश्वरी देवार, प्रेमकुमारी, रीनू साहू आदि शिक्षक समुदाय अरविंद वैष्णव, सोनल मिश्रा, चित्र देवांगन, पवन कुमार साहू, विमला बंजारे, राजेश साहू, रोशनी प्रधान, पिंकी गुप्ता, जोगेंद्र प्रधान, लक्ष्मीबाई सोनकर, हेमलता देवांगन, शांतिबाई साहू, लच्छवंतीन ढीढी आदि की उपस्थिति रही।

## जघन्य अपराधों के वारदात स्थल की वीडियोग्राफी अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा

- भारतीय न्याय संहिता के बारे में बच्चों को दी गई जानकारी

स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय रायखेड़ा में खरोरा थाना के स्टाफ द्वारा 1 जुलाई 2024 से भारत में तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता ,भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर खरोरा थाना के प्रभारी दीपक पासवान ने बताया की देश में ब्रिटिश काल से चले आ रहे कानून खत्म हो गए हैं। और तीन नए आपराधिक कानून लागू 1 जुलाई से लागू हो गया है। इन कानून के लागू होने से आम लोगों के जीवन पर भी असर पड़ेगा। नए कानून से एक आधुनिक न्याय प्रणाली स्थापित होगी जिसमें जीरो (एफआईआर) पुलिस ऑनलाइन शिकायत दर्ज करना, मोबाइल के माध्यम से (एसएमएस )के जरिए समन भेजने जैसे इलेक्ट्रॉनिक माध्यम और सभी जघन्य अपराधों के वारदात स्थल की अनिवार्य वीडियोग्राफी जैसे प्रावधान शामिल है।



इसके अलावा 15 वर्ष की आयु से कम और 60 वर्ष की आयु से अधिक के लोगों तथा दिव्यांग या गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को पुलिस थाने आने से छूट दी जाएगी ।और वह अपने निवास स्थान पर ही पुलिस सहायता प्राप्त कर सकेंगे। श्री पासवान ने आगे बताया कि भारतीय न्याय संहिता में 358 धाराएं हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में 531 धाराएं हैं। भारतीय साक्ष्य अधिनियम में 170 धाराएं हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता का उद्देश्य अपराधिक न्यायालयों और कार्यालयों की संरचना और कार्य प्रणाली को स्पष्ट रूप से परिभाषित करके भारत में आपराधिक न्याय प्रणाली को बेहतर बनाना है।

कार्यक्रम को एएसआई श्री परशुराम साहू, सरपंच प्रतिनिधि श्री संतोष कुर्रे तथा आभार प्रदर्शन प्रभारी प्राचार्य जीके वर्मा ने तथा कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता जितेंद्र वर्मा ने किया ।कार्यक्रम पश्चात एक पेड़ मां के नाम के तहत अतिथियों द्वारा विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया।इस अवसर पर ज्योति वर्मा, स्मृति दबड़घाव, सरिता वर्मा, निक्की अग्रवाल, नीलम वर्मा, अनु वर्मा, गीतांजलि धुर्वे सहित छात्र-छात्राएं शामिल उपस्थित थे।

### Missing Certificate

I am **Abhishek Sonwani. Son of Taman Singh Sonwani** I wanted to inform that I have lost my 10th and 12th marksheet and with that I Have also lost my Migration and TC Certificate. I have studied in Rajkumar College and I passed out in 2022. I wanted a dublicate marksheet. My class 10th Unique ID was 7157294 and my 12th Unique ID was 7157294.

I lost my certificates when I was travelling on my activa. It was a white colour bag and afte finding my documents many times I was unable to find them. I am sorry for my inconvienience, it will be really good for my future if I get a dublicate certificates

**Abhishek Sonwani**

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती दुलेश्वरी साहू पति श्री विरेन्द्र कुमार साहू निवासी दुर्गा पारा, शिव मंदिर के पास, संतोषी नगर, रायपुर छ.ग. ने विक्रेता श्री मनीष कुमार साहू पिता श्री भीमसेन साहू निवासी टिकरापारा, रायपुर छ.ग. की भूमिस्वामी हक, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो कि वाके मौजा डूण्डा प.ह.नं. 72 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित खसरा नं. 398/58 का भाग रकबा 1120 (20X56) वर्गफुट है को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बयाना राशि अदा कर दिया है, केवल विक्रय विलेख के पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त संव्यवहार से जिस किसी व्यक्ति संस्था, बैंक, निकाय, बोर्ड, शासकीय या अर्धशासकीय निकाय, महाजन, साहूकार को कोई भी दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिनों के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर पावती प्राप्त करें। बाद म्याद प्रस्तुत दावा या आपत्ति इस आम सूचना के समक्ष शून्य व निष्प्रभावी होगा।

अतः सूचना जाने

रायपुर छ.ग.
दिनांक 02.07.2024

**बी.पी. साहू (अधिवक्ता)**
**ग्राम बोरियाखुर्द, पो.आ. सुन्दर नगर, रायपुर छ.ग.**
**मो.न. 9406250240, 9981755640**

### // आम सूचना //

सर्वसाधरण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा ग्राम-सिवनी प.ह.नं. 00018, रा.नि.मं.-केन्द्री तह. अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 939/5, रकबा 0.740 हेक्टेयर को श्री गौरीशंकर पिता श्री जगत नारायण त्रिपाठी निवासी बंगाली मोहल्ला संतोषी नगर, दुर्गापारा रायपुर छ.ग. से क्रय करने का सौदा किया जाकर इकरारनामा निष्पादित किया चुका है सिर्फ विक्रय पंजीयन शेष है।

उक्त विक्रय इकरारनामा के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निगम, बैंक, शासकीय या अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी भी को आपत्ति या उजर हो तो इस संबंध में मय दस्तावेज मेरे कार्यालय समय सुबह 9 से 11 बजे में आकर 07 दिवस के भीतर आकर सम्पर्क करें अन्यथा समय समाप्ति पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगी तथा विक्रय पंजीयन करवा लिया जावेगा ।

एतद् आम सूचना जाने।

**स्थान - रायपुर छ.ग.**
**दिनांक- 02/07/2024**

**भवदीय**
**एम.आर. साहू (अधिवक्ता)**
**कार्यालय पता - सेक्टर-1, सड़क नंबर- 05, प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर छ.ग.**
**मो. नंबर- 9827960903, 9575464743**

### आम सूचना

**(ग्राम सेजबहार में स्थित भूमि खसरा नंबर 322,323,324 रकबा क्रमशः 1.0280,0.4450 एवं 2.9540 हे. भूमि के संबंध में)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि ग्राम सेजबहार में स्थित भूमि खसरा नंबर 322,323,324 रकबा क्रमशः 1.0280,0.4450 एवं 2.9540 हे. भूमि को मेरे पक्षकार रोहित कुमार पिता स्व. हीरासिंग निवासी सेजबहार तह.व जिला रायपुर छ.ग. के पक्ष में श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी रायपुर के द्वारा प्रकरण क्रमांक 1355/24 अ/85(3) वर्ष 1976-77 के आदेश दिनांक 15.07.1978 ऋण मुक्ति आदेश एवं अतिरिक्त कलेक्टर रायपुर के राजस्व प्रकरण क्रमांक 179 / अ 85 (3) वर्ष 1977-78 के आदेश दिनांक 26.02.1979 श्रीमान छत्तीसगढ राजस्व मण्डल बिलासपुर सर्किट कोर्ट रायपुर के प्रकरण क्रमांक आर. एन./14/अ.6.6/60/2023 आदेश दिनांक 09.02.2024 को पारित करते हुए प्रस्तुत पुनर्रीक्षण स्वीकार किया जाकर निम्न न्यायालय श्रीमान तहसीलदार रायपुर प्रकरण में अभिलेख शुध्दि संबंधि आवेदन गुणदोष में विवेचना कर विधि सम्मत आदेश पारित किया गया है जिसमें पक्षकार द्वारा सबंधित न्यायालय में अपना नाम दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है लेकिन उपरोक्त भूमि पर किसी अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा उपरोक्त भूमि पर अवैधानिक रूप से कब्जा किये जाने का प्रयास किया जा रहा है। जिसकी शिकायत मेरे पक्षकार द्वारा कलेक्टर/पुलिस अधीक्षक, विशेष थाना कालीबाडी, एवं थाना मुजगहन रायपुर में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त आम सूचना के माध्यम से आम जनता हो सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा कब्जा किये जाने का प्रयास न किया जावे नहीं तो मेरा पक्षकार द्वारा सबंधित न्यायालय में पक्षकार के रूप में उनका नाम संयोजित किया जावेगा जिन्हें कानूनी कार्यवाहियों का सामना करना पडेगा।

**सो सूचना जाने।**

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 02/07/2024

अधिवक्ता
तनय शेखर सेठ
सिवाल कोर्ट रायपुर, ऑफिस एवं निवास
हरिभूमि प्रेस के पीछे छ.ग. नगर रायपुर
मो.- 9627482410

### पेज 11 के शेष...

**खारुन में झाग...**

टीम उतारी है। सफाई के दौरान भारी मात्रा में नाले से कंस्ट्रक्शन मटेरियल, प्लास्टिक की पन्नियां, डिस्पोजल गिलास और कूड़ा करकट बाहर निकाला है। रायपुर नागरिक समाज द्वारा खारुन नदी में नाले का झागदार गंदा पानी पूरे वेग से मिलने को लेकर एक दिन पहले ही नदी के आधा दर्जन स्थानों से पानी के नमूने एकत्र कर इसकी जांच करने पीएचई के लैब भिजवाया। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेश पर अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही के निर्देश पर जोन 8 के स्वास्थ्य विभाग की टीम महादेवघाट रायपुरा में खारुन नदी और चिंगरी नाले की मेनुअल सफाई 20 सफाई मित्रों की सहायता से करा रही है।

**पीहर नाला के पास...**

जाकर हमने जब वस्तुस्थिति की जानकारी ली, तो पता चला नाले के गंदा पानी के साथ नदी में मलबा सहित अन्य तरह के अपशिष्ट भी बहकर मिल रहे हैं। इसे किनारे कर निकालने सफाई मित्रों को लगाया गया है। कचरा क्लीयर होने के बाद स्टोरेज टैंक में पानी सीधे जायेगा। इससे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में इस गंदे पानी के उपचार करने में आसानी होगी।

**राज्य के कई जिलों...**

तथा गुढ़ियारी के कान्हा डेयरी से पनीर के सैंपल लिए गए हैं। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम अन्य जिलों में संचालित डेयरी एवं इससे संबंधित खाद्य सामग्री की बिक्री करने वाली दुकानों में पहुंची। संचालकों को साफ-सफाई का ध्यान रखने के साथ खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता का ध्यान भी रखने के लिए निर्देशित किया है।

**आधी रात भरभराकर...**

छत का प्लास्टर का मोटा हिस्सा बिस्तर पर आ गिरा। जब छात्र अपने कक्ष में लौटे तो यहां का नजारा देखकर वे भी सदमे में आ गए। इसके बाद छात्रों ने पूरी रात जागते हुए काटी। कुछ छात्र दूसरे कक्ष में साथियों के पास सोने चले गए। छत का इतना बड़ा हिस्सा टूटकर गिरा कि पंखे के कुछ भाग भी टेढ़े हो गए। ना केवल पंखे बल्कि कक्ष में रखी छात्रों की अध्ययन सामग्री भी मलबा गिरने से फट गई।

**उरला हेल्थ सेंटर में...**

परिवार वालों और साथ आई मितानिन ललिता साहू ने प्रभारी डाक्टर पूनम सरकार से निवेदन किया कि प्रसूता को रेफर कर दिया जाए, मगर डाक्टर वहीं प्रसव कराने पर अड़ी रही विलंब की वजह से प्रसूता की हालत खराब हो गई तब उसे आनन-फानन इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल पहुंचाया गया। इस घटना के बाद परिजनों के साथ आसपास की मितानिन और जनप्रतिनिधियों का डाक्टर सहित हेल्थ सेंटर के अन्य स्टाफ के खिलाफ गुस्सा भड़क गया।

**जून के बिल में...**

आयोग ने 2819 करोड़ ही मान्य किया। इसी के साथ राज्य सरकार से मिली हजार करोड़ की मदद को कम करने के बाद घाटा 1819 करोड़ ही बचा। इसको पूरा करने के लिए ही हर वर्ग के उपभोक्ताओं की बिजली को महंगा किया गया है। गैर घरेलू उपभोक्ताओं को ही ज्यादा झटका लगेगा, क्योंकि इसको बिजली बिल हॉफ योजना का लाभ नहीं मिलता है। पांच किलो वॉट के सिंगल फेज वाले गैर घरेलू उपभोक्ताओं को पहले 100 यूनिट तक 5.85 रुपए प्रति यूनिट के लगते थे। इसको 6.05 रुपए किया गया है। इसी तरह से 101 से 400 यूनिट तक 6.85 से बढ़ाकर 7.05 रुपए और 401 यूनिट से ज्यादा पर 8.25 रुपए को बढ़ाकर 8.45 रुपए किया गया है।

घरेलू उपभोक्ताओं का टैरिफ

| यूनिट | पुरानी दर | नई दर |
|---|---|---|
| 0-100 | 3.70 | 3.90 |
| 101-200 | 3.90 | 4.10 |
| 201-400 | 5.30 | 5.50 |
| 401-600 | 6.30 | 6.50 |
| 601 से अधिक | 7.90 | 8.10 |

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

**रा.प्र. क्रमांक /बी-121/2023-2024**
**रायपुर, दिनांक 01/07/2024**
**ग्राम अमलीडीह प.ह.नं. 69, तहसील व जिला रायपुर छ.ग.**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर छ.ग. का पत्र क्रमांक/85/ नगर निवेश / जोन-10/न.पा.नि./2024-25 रायपुर दिनांक 10.06.2024 न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसके अनुसार माननीय श्री मोतीलाल साहू, विधायक रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र क्र. 48 द्वारा पत्र क्रमांक 350 दिनांक 19.03.2024 के माध्यम से ग्राम अमलीडीह प.ह.नं. 69 रा.नि.मं. रायपुर-11 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 233/1-5 रकबा 3.674 हे, खसरा नंबर 236/1 रकबा 1.6190 हे. भूमि पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, महाविद्यालय एवं खेल मैदान हेतु शासकीय भूमि आबंटन करने हेतु अभिमत प्रदान करने हेतु लेख किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 16/07/2024 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
**नायब तहसीलदार**
**रायपुर**

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री शैलेन्द्र कुमार साहू पिता श्री नारायण लाल साहू निवासी साहूपारा, सौराबांधा सिलौटी धमतरी छ.ग. ने विक्रेता श्री दीपक राम साहू पिता श्री रामू राम साहू निवासी चंगोराभाटा रायपुर छ.ग. की भूमिस्वामी हक स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम बोरियाखुर्द प.ह.नं. 71 रा.नि.मं. रायपुर 14 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित खसरा नं. 339/11 का भाग रकबा 4650 वर्गफुट है को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बयाना राशि अदा कर दिया है केवल विक्रय विलेख के पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त संव्यवहार से जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, बोर्ड, शासकीय या अर्धशासकीय निकाय, महाजन, साहूकार को कोई भी दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिनों के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर पावती प्राप्त करे। बाद म्याद प्रस्तुत दावा या आपत्ति इस आम सूचना के समक्ष शून्य व निष्प्रभावी होगा। अतः सूचना जाने

रायपुर छ.ग.
दिनांक 30.06.2024

**बी.पी. साहू अधिवक्ता**
**ग्राम बोरियाखुर्द पो.आ. सुन्दर नगर रायपुर छ.ग.**
**मो.न. 9406250240,9981755640**

### // आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 7442 दिनांक 22.08.2012 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर - 29 में स्वतंत्र भवन क्रमांक- एच.आई.जी.-II/841, को श्रीमति रजनी मृगा पति श्री रमेश कुमार मृगा एवं कु. रचना मृगा पिता श्री रमेश कुमार मृगा, के नाम स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 11.04.2014 को लीजडीड (पट्टा विलेख) का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है वर्तमान में श्रीमति रजनी मृगा पति श्री रमेश कुमार मृगा एवं कु. रचना मृगा पिता श्री रमेश कुमार मृगा, निवासीः- फ्लैट नं. एल. 1, आयेशा होम्स, जी. ए.डी. कॉलोनी के पास, दन्तेवाडा (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्री किशन देवांगन पिता श्री मोतीलाल देवांगन, निवासीः- भाठापारा, ग्राम-पारागांव, रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन. ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है ।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक- एच. आई. जी.-II/841, के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना,**
**नवा रायपुर, अटल नगर जिला-रायपुर (छ.ग.)**

### न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा, तहसील आरंग, जिला रायपुर छ.ग.

**:: ईश्तहार ::**

रा.प्र.क्र. 202406112600033 / ब-121 / 2023-24

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती खिलेश्वरी वर्मा पति श्री शैलेन्द्र वर्मा निवासी ग्राम कुटेला तहसील आरंग जिला रायपुर के द्वारा स्वयं के भूमिस्वामी हक में दर्ज मौजा ग्राम कुटेला प.ह.नं. 11 रा.नि.मं. समोदा तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 692/1, 692/2, 692/3, 692/4, 692/5, 692/6 रकबा 0.42, 0.10, 0.20, 0.10, 0.08, 0.20 हे. भूमि का ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 08/07/2024 तक पेश कर सकते है नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/06/2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 24/06/2024
पेशी दिनांक 08.07.2024

मुहर
**नायब तहसीलदार**
**समोदा**



## महिलाओं के लिए 'सखी स्वास्थ्य व सावन तंबोला' आज

रायपुर। सुहिणी सोच संस्था द्वारा महिलाओं के लिए 'सखी स्वास्थ्य व सावन तंबोला' का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 3 जुलाई को शाम 4 से रात्रि 7 बजे तक जारी रहेगा। इस दौरान महिलाओं के स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। साथ ही मनोरंजन के लिए सावन महोत्सव व तंबोला की भी व्यवस्था की गई है। संस्था की संस्थापक मनीषा तारवानी, पूर्व प्रेजिडेंट करिश्मा कमलानी ने बताया कि इस कार्यक्रम में डॉ. विजय डेंबरा मार्गदर्शक के रूप में और मुख्य अतिथि के रूप मे वेंकटेश्वर सिग्नेचर स्कूल की प्रिंसिपल सौम्या रघुवीर, सुरुचि टावरी, प्रशिक्षित योग निर्देशक और नेचुरोपैथिस्ट उपस्थित रहेंगे। मीडिया प्रभारी कविता नारा ने बताया कि इस कार्यक्रम दीक्षा बुधवानी, पूनम बजाज, पल्लवी चिमनानी, जूही दरयानी, माही बुलानी समेत अन्य सदस्य भी शामिल होंगे।

## निधन

### चमेली शर्मा



रायपुर। रायपुर निवासी चमेली शर्मा का 2 जुलाई को बिलासपुर में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 जुलाई को सुबह 10 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट में किया जाएगा। वे सेम्हरा वाले स्व. डा. गिरधर शर्मा की पत्नी और डा. अरविंद शर्मा, मीना, मंजू, ममता की माता एवं डा. आकांक्षा, अंकिता, अनुराग की दादी थीं।

### रूबी अग्रवाल



रायपुर। शंकर नगर सेक्टर 1 निवासी रूबी अग्रवाल (24) का 2 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे हरीश अग्रवाल की पुत्री और हर्ष अग्रवाल की बहन थीं।

# संजय नगर पानी टंकी से डिस्ट्रीब्यूशन पाइप लाइन बिछाने का काम पूरा, वाटर मीटर लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अमृत मिशन फेज 2 के तहत संजय नगर में 34 लाख लीटर क्षमता की पानी टंकी से शहीद राजीव पांडे वार्ड और शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड में लोगों के घरों तक पानी पहुंचाने डिस्ट्रीब्यूशन पाइप लाइन बिछाने का काम पूरा हो गया है। इसके साथ ही घरेलू कनेक्शन देकर पानी की खपत जांचने वाटर मीटर लगाया गया है।

ऐसे हितग्राही जो किसी कारणवश अब तक घरेलू कनेक्शन नहीं ले पाये, वे 10 जुलाई तक जोन 6 कार्यालय के जल विभाग में संपर्क कर अपना आवेदन संपत्ति कर एवं आधारकार्ड की छायाप्रति के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। नगर निगम जोन 6 क्षेत्र स्थित संजय नगर पानी टंकी से संबंधित वार्डों के रहवासियों को नियमित रूप से जल प्रदाय की आपूर्ति करने अमृत मिशन के तहत नई पाइप लाइन बिछाई गई है। लोगों के घरों में घरेलू कनेक्शन देने का काम पूरा कर लिया गया है। जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल ने बताया कि नियमित जल प्रदाय के दौरान पानी कम आने, प्रेशर में कमी और लीकेज की सूचना कार्यालयीन समय में सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक जोन के उप अभियंता हिमांशु चंद्राकर को उनके मोबाइल नंबर पर दी जा सकती है। शहीद राजीव पांडे वार्ड और शहीद ब्रिग्रेडियर उस्मान वार्ड से संबंधित उपभोक्ताओं के लिए सुविधा नगर निगम ने उपलब्ध कराई है।

### 34 लाख लीटर क्षमता की पुरानी पानी टंकी

**खास बातें**

- शहीद राजीव पांडे वार्ड, शहीद बिग्रेडियर उस्मान वार्ड में घरेलू नल कनेक्शन
- टेस्टिंग कमीशनिंग का कार्य पूर्ण



### राजेन्द्र नगर पानी टंकी से 2 वार्डों के लिए बिछाई पाइप लाइन

*राजेन्द्र नगर पानी टंकी के कमांड एरिया से जोन 10 के रानी दुर्गावती वार्ड और लेफ्टिनेंट अरविंद दीक्षित वार्ड के रहवासियों को जल आपूर्ति के लिए डिस्ट्रीब्यूशन वाटर सप्लाई पाइप लाइन बिछाने का काम पूरा हो गया है। संबंधित वार्डों में घरेलू कनेक्शन देकर वाटर मीटर लगाया गया है। ऐसे हितग्राही जो किसी कारण से घरेलू कनेक्शन अब तक नहीं ले पाए, वे 10 जुलाई तक जोन 10 कार्यालय के जल विभाग से संपर्क कर आवेदन दे सकते हैं। इस अवधि के बाद अमृत मिशन योजना के तहत नल कनेक्शन प्रदान नहीं किया जायेगा। निर्धारित अवधि के बाद नल कनेक्शन के लिए प्राप्त आवेदनों पर नियम अनुसार कार्यवाही कर निगम द्वारा निर्धारित शुल्क के भुगतान के बाद ही घरेलू कनेक्शन दिया जायेगा। नियमित जल प्रदाय के दौरान पानी कम आने, प्रेशर की कमी, पाइप लाइन लीकेज संबंधी समस्या आने पर इसकी सूचना जोन कार्यालय में सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक दिलीप साहू, आशीष पटेल, युधिष्ठिर सेन को उनके मोबाइल नंबर पर दी जा सकती है।*

## अरहर दाल चिल्हर में 190 से 200 रुपए किलो

# दालों में महंगाई का उबाल, कोई भी सौ से कम नहीं, चना दाल भी शतक पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महंगाई थमने का नाम नहीं ले रही है। किचन के सामान की लगातार बढ़ती कीमत के कारण आम आदमी के घर का बजट बिगड़ रहा है। हर माह किसी न किसी सामान की कीमत में इजाफा हो रहा है। अरहर दाल तो रिकॉर्ड बना ही चुकी है, अब चना दाल ने भी जमकर भाव खाया है। पहली बार यह चिल्हर में सौ रुपए के पार होकर 110 रुपए पहुंच गई है। आमतौर पर चना दाल सबसे सस्ती रहती है। इसकी कीमत चिल्हर में 55 से 60 और चिल्हर में 65 से 70 रुपए रहती है, लेकिन अब यह दाल भी सस्ती नहीं रह गई है। देशी चना और मटर भी काफी समय से भाव खा रहे हैं। महंगाई का हाल यह है कि पूरे बाजार में एक तरह से सिंडीकेट का कब्जा हो गया है। एक-एक करके सामान की कीमत बढ़ाने का खेल चल रहा है। हालांकि कई सामान की कीमत बढ़ने का सही कारण भी होता है, लेकिन ज्यादातर सामान की कीमत बढ़ने के पीछे मुनाफाखोरी का ही खेल चल रहा है। सबसे ज्यादा मुनाफाखोरी का खेल चिल्हर में चल रहा है। एक ही सामान की कीमत एक ही शहर में अलग-अलग रहती है। किचन का हर सामान महंगा होता जा रहा है। एक सामान की कीमत को एक सीमा पर ले जाकर छोड़ने के बाद दूसरे सामान को पकड़ लिया जाता है। कारोबारियों को किसी सामान में एक छोटा सा कारण नजर आने की देर नहीं कि उस सामान की कीमत को आसमान पर पहुंचाने में सब जुट जाते हैं।



### आलू-प्याज भी खाने लगे भाव

*आमतौर पर आलू की कीमत चिल्हर में 15 से 25 रुपए के बीच रहती है। लेकिन पिछले कुछ समय से आलू भी भाव खाने लगा है। इसकी कीमत थोक में 25 से 28 और चिल्हर में 35 से 40 रुपए हो गई है। इसकी कीमत का चिल्हर में कोई माई-बाप नहीं है। जिसकी जितनी मर्जी उतने में बेच रहा है। प्याज की कीमत भी चिल्हर में 40 से 45 रुपए हो गई है।*

### अब चना दाल की बारी

*चना दाल भी इस साल भाव खा रही है। कुछ समय पहले इसकी कीमत थोक में 70 से 75 और चिल्हर में 85 से 90 रुपए थी, लेकिन अब इसकी कीमत सौ रुपए के पार हो गई है। चिल्हर कारोबारियों के मुताबिक थोक में यह 90 रुपए हो गई है। इधर अरहर दाल की कीमत फिर आसमान पर चली गई है। अरहर दाल थोक में अच्छी क्वालिटी की 170 से 175 रुपए और कुछ कम क्वालिटी की 165 रुपए है। जहां तक चिल्हर का सवाल है तो चिल्हर में अच्छी क्वालिटी वाली दाल कहीं 190 से 200 रुपए में मिल रही है। वहीं थोड़ी कम क्वालिटी वाली दाल चिल्हर में 180 रुपए तक बिक रही है। साल के प्रारंभ में अच्छी क्वालिटी की दाल 140 रुपए में मिल रही थी। अन्य दालों की बात करें तो मूंग दाल चिल्हर में 140 से 150 रुपए और उड़द दाल धुली 160 रुपए किलो है। देशी चना थोक में 70 से 75 और चिल्हर में 90 रुपए किलो बिक रहा है। काबुली चना 180 रुपए किलो हो गया है। मटर थोक में 80 से 85 और चिल्हर में 95 से 100 रुपए किलो बिक रहा है।*

# चार कबाड़ दुकानों में छापा, एक टन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



राजधानी रायपुर के खमतराई क्षेत्र में पुलिस ने चार कबाड़ दुकानों में छापामार कार्रवाई की। इस दौरान इन दुकानों से लगभग एक टन लोहा-स्क्रैप, राड कबाड़ जब्त किया है, जिसकी कीमत करीब 60 हजार रुपए आंकी गई है। शहर में कबाड़ का अवैध कारोबार लगातार बढ़ रहा है। शहर में ऐसे कई कबाड़ी है, जिनके पास कबाड़ खरीदी का बिल ही नहीं रहता है, इस तरह कबाड़ी कम दाम में बिना बिल के कबाड़ खरीदकर महंगे दाम पर बेचकर जमकर मुनाफा कमाते हैं। यही नहीं, कई कबाड़ी चोरी का कबाड़ भी खरीदी करते हैं। खमतराई क्षेत्र में पुलिस ने अवैध कारोबार को रोकने के लिए छापामार कार्रवाई की। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने चार कबाड़ दुकानों में छापा मारा, जहां से करीब 1 टन कबाड़ जब्त किया। पुलिस ने जब्ती से पहले चारों दुकान के संचालकों को कबाड़ से संबंधित बिल दस्तावेज मांगे थे, लेकिन उनके द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद पुलिस ने अवैध कबाड़ को जब्ती बना लिया।

### इन दुकानों में मारा छापा

*नेशनल बिल्डिंग मेटेरियल लैब के सामने उरकुरा स्थित मोहम्मद अकमल की दुकान, जवाहर नगर के पिछे मेटल पार्क रावांभाठा स्थित शेख खुज्जू की दुकान, रिंग रोड नंबर 2 भनपुरी रायपुर स्थित विनोद यादव की दुकान एवं डीडी नगर रायपुर के अशोक विहार रिंग रोड नंबर2 स्थित कौशल कुमार की दुकान शामिल है। पुलिस ने इस मामले में धारा-35(1), (ई) बीएनएसएस / 303 (2) बीएनएस तैयार कर आरोपियों को शपथ पत्र देकर पुलिस कार्रवाई में सहयोग करने की हिदायत दी गई है।*

## निगम, मंडल, आयोग में कुर्मी क्षत्रिय महासभा को प्रतिनिधित्व दिए जाने की मांग



रायपुर। अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। इसी दौरान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रभूषण वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री साय को महासभा की ओर से प्रतिनिधिमंडल ने एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें मुख्यमंत्री से निगम, मंडल, आयोग में छत्तीसगढ़ अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा को प्रतिनिधित्व दिए जाने की मांग की गई। उन्होंने मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री से कहा कि आगामी गठित होने वाले निगम, मंडल और आयोग में अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा को यथायोग्य स्थान देकर महासभा को गौरवान्वित करें। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष श्री वर्मा ने बताया कि हमारी महासभा में प्रदेश स्तर पर अपने सामाजिकजनों के बीच बहुत ही अच्छा सामंजस्य है। मुलाकात करने वालों में अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महाससभ के मुख्य संरक्षक वासुदेव चंद्राकर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज वर्मा, महिला प्रदेश अध्यक्ष चंद्रिका चंद्राकर, सरिता वर्मा, प्रदेश महासचिव, महिला संगठन, सरोज पटेल, महिला राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, महासमुंद जिला अध्यक्ष निरंजना चंद्राकर, मीना चंद्राकर, विनय बंटी चंद्राकर, प्रवीण चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में महासभा के पदाधिकारी मौजूद थे।

## पेज 11 के शेष

### खारुन में झाग, हरकत...

टीम उतारी है। सफाई के दौरान भारी मात्रा में नाले से कंस्ट्रक्शन मटेरियल, प्लास्टिक की पन्नियां, डिस्पोजल गिलास और कूड़ा करकट बाहर निकाला है। रायपुर नागरिक समाज द्वारा खारुन नदी में नाले का झागदार गंदा पानी पूरे वेग से मिलने को लेकर एक दिन पहले ही नदी के आधा दर्जन स्थानों से पानी के नमूने एकत्र कर इसकी जांच करने पीएचई के लैब भिजवाया। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेश पर अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही के निर्देश पर जोन 8 के स्वास्थ्य विभाग की टीम महादेवघाट रायपुरा में खारुन नदी और चिंगरी नाले की मेनुअल सफाई 20 सफाई मित्रों की सहायता से करा रही है।

### पीहर नाला के पास...

जाकर हमने जब वस्तुस्थिति की जानकारी ली, तो पता चला नाले के गंदा पानी के साथ नदी में मलबा सहित अन्य तरह के अपशिष्ट भी बहकर मिल रहे हैं। इसे किनारे कर निकालने सफाई मित्रों को लगाया गया है। कचरा क्लीयर होने के बाद स्टोरेज टैंक में पानी सीधे जायेगा। इससे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में इस गंदे पानी के उपचार करने में आसानी होगी।

### राज्य के कई जिलों...

तथा गुढ़ियारी के कान्हा डेयरी से पनीर के सैंपल लिए गए हैं। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम अन्य जिलों में संचालित डेयरी एवं इससे संबंधित खाद्य सामग्री की बिक्री करने वाली दुकानों में पहुंची। संचालकों को साफ-सफाई का ध्यान रखने के साथ खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता का ध्यान भी रखने के लिए निर्देशित किया है।

### आधी रात भरभराकर...

छत का प्लास्टर का मोटा हिस्सा बिस्तर पर आ गिरा। जब छात्र अपने कक्ष में लौटे तो यहां का नजारा देखकर वे भी सदमे में आ गए। इसके बाद छात्रों ने पूरी रात जागते हुए काटी। कुछ छात्र दूसरे कक्ष में साथियों के पास सोने चले गए। छत का इतना बड़ा हिस्सा टूटकर गिरा कि पंखे के कुछ भाग भी टेढ़े हो गए। ना केवल पंखे बल्कि कक्ष में रखी छात्रों की अध्ययन सामग्री भी मलबा गिरने से फट गई।

### उरला हेल्थ सेंटर में...

परिवार वालों और साथ आई मितानिन ललिता साहू ने प्रभारी डाक्टर पूनम सरकार से निवेदन किया कि प्रसूता को रेफर कर दिया जाए, मगर डाक्टर वहीं प्रसव कराने पर अड़ी रही विलंब की वजह से प्रसूता की हालत खराब हो गई तब उसे आनन-फानन इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल पहुंचाया गया। इस घटना के बाद परिजनों के साथ आसपास की मितानिन और जनप्रतिनिधियों का डाक्टर सहित हेल्थ सेंटर के अन्य स्टाफ के खिलाफ गुस्सा भड़क गया।

### जून के बिल में...

आयोग ने 2819 करोड़ ही मान्य किया। इसी के साथ राज्य सरकार से मिली हजार करोड़ की मदद को कम करने के बाद घाटा 1819 करोड़ ही बचा। इसको पूरा करने के लिए ही हर वर्ग के उपभोक्ताओं की बिजली को महंगा किया गया है। गैर घरेलू उपभोक्ताओं को ही ज्यादा झटका लगेगा, क्योंकि इसको बिजली बिल हॉफ योजना का लाभ नहीं मिलता है। पांच किलो वॉट के सिंगल फेज वाले गैर घरेलू उपभोक्ताओं को पहले 100 यूनिट तक 5.85 रुपए प्रति यूनिट के लगते थे। इसको 6.05 रुपए किया गया है। इसी तरह से 101 से 400 यूनिट तक 6.85 से बढ़ाकर 7.05 रुपए और 401 यूनिट से ज्यादा पर 8.25 रुपए को बढ़ाकर 8.45 रुपए किया गया है।

घरेलू उपभोक्ताओं का टैरिफ

| यूनिट | पुरानी दर | नई दर |
| --- | --- | --- |
| 0-100 | 3.70 | 3.90 |
| 101-200 | 3.90 | 4.10 |
| 201-400 | 5.30 | 5.50 |
| 401-600 | 6.30 | 6.50 |
| 601 से अधिक | 7.90 | 8.10 |

## बांग्लादेशी कारोबारियों से तार जुड़े होने की आशंका

# अफीम का सौदागर गिरफ्तार, पश्चिम बंगाल से लाकर करता था बिक्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



राजधानी पुलिस ने अफीम के एक सौदागर को गिरफ्तार किया है। आरोपी श्याम नगर रायपुर का निवासी है। पुलिस ने उसके कब्जे से 3 किलोग्राम अफीम और नकदी 3 लाख 23 हजार रुपये जब्त किया है। बताया गया कि आरोपी पश्चिम बंगाल से अफीम लेकर आता था, जिसे रायपुर में खपाता था। हालांकि यह भी आशंका जताई जा रही है कि आरोपी के बांग्लादेश के अफीम कारोबारियों से तार जुड़े हुए हैं। बांग्लादेश से अफीम पहले पश्चिम बंगाल मंगाई जाती है और फिर वहां से छत्तीसगढ़ लाया जाता है।

### श्यामनगर में बिक्री करते पकड़ा गया

पुलिस कंट्रोलरूम में मंगलवार को इसका खुलासा करते हुए अधिकारियों ने बताया कि तेलीबांधा पुलिस को 1 जुलाई को सूचना मिली कि श्यामनगर स्थित गुरुद्वारा के पास एक व्यक्ति अफीम बेच रहा है। इस सूचना पर पुलिस की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आरोपी को अफीम के साथ रंगे हाथ पकड़ा। उसके कब्जे से 3 किलोग्राम 210 ग्राम अफीम बरामद की गई, जिसकी कीमत 3 लाख 20 हजार रुपए आंकी गई है। इसके साथ नकदी 3 लाख 23 हजार 8 सौ रुपए भी उसके पास से जब्त किया गया है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सुंदर सिंह 30 वर्ष निवासी तेलीबांधा बताया। पुलिस ने जब कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने बताया कि वह अफीम पश्चिम बंगाल से लाता है।

### चार माह पहले गया था जेल, छूटते ही फिर शुरू कर दिया कारोबार

*पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी का जब पुराना रिकार्ड खंगाला गया, तो पता चला कि वह चार महीने पहले ही अफीम बेचने के मामले में गिरफ्तार हुआ था। इस मामले में वह जेल भी गया था। जेल से रिहा होने के बाद फिर उसने नशा का कारोबार शुरू कर दिया। पुलिस ने सुंदर के विरुद्ध धारा 18 नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।*

### होटल व क्लबों में सप्लाई करने की आशंका

*पुलिस आशंका जता रही है आरोपी का अफीम बेचने का कारोबार सिर्फ परिचित लोगों तक सीमित नहीं है, बल्कि वह रायपुर के कई होटल व क्लबों में भी इसकी सप्लाई करता होगा, क्योंकि आरोपी अफीम का कारोबार अकेले नहीं करता। पूर्व में आरोपी के साथ दो महिला भी पकड़ी गई थीं। ये दोनों महिलाएं इस कारोबार में संलिप्त पाई गई थीं। इस तरह इस कारोबार के लिए सुंदर ने चैनल बना रखा था। यह चैनल अभी भी हो सकता है, जिसके तार बांग्लादेश तक जुड़े हो सकते हैं। पुलिस इस मामले में आरोपी से पूछताछ कर रही है।*


**Missing Certificate**

I am **Abhishek Sonwani. Son of Taman Singh Sonwani** I wanted to inform that I have lost my 10th and 12th marksheet and with that I Have also lost my Migration and TC Certificate. I have studied in Rajkumar College and I passed out in 2022. I wanted a dublicate marksheet. My class 10th Unique ID was 7157294 and my 12th Unique ID was 7157294.

I lost my certificates when I was travelling on my activa. It was a white colour bag and afte finding my documents many times I was unable to find them. I am sorry for my inconvienience, it will be really good for my future if I get a dublicate certificates

**Abhishek Sonwani**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती दुलेश्वरी साहू पति श्री विरेन्द्र कुमार साहू निवासी दुर्गा पारा, शिव मंदिर के पास, संतोषी नगर, रायपुर छ.ग. ने विक्रेता श्री मनीष कुमार साहू पिता श्री भीमसेन साहू निवासी टिकरापारा, रायपुर छ.ग. की भूमिस्वामी हक, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो कि वाके मौजा डूण्डा प.ह.नं. 72 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित खसरा नं. 398/58 का भाग रकबा 1120 (20X56) वर्गफुट है को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बयाना राशि अदा कर दिया है, केवल विक्रय विलेख के पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त संव्यवहार से जिस किसी व्यक्ति संस्था, बैंक, निकाय, बोर्ड, शासकीय या अर्धशासकीय निकाय, महाजन, साहूकार को कोई भी दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिनों के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर पावती प्राप्त करें। बाद म्याद प्रस्तुत दावा या आपत्ति इस आम सूचना के समक्ष शून्य व निष्प्रभावी होगा।

अतः सूचना जाने

रायपुर छ.ग.
दिनांक 02.07.2024

**बी.पी. साहू (अधिवक्ता)**
**ग्राम बोरियाखुर्द, पो.आ. सुन्दर नगर, रायपुर छ.ग.**
**मो.न. 9406250240, 9981755640**

**// आम सूचना //**

सर्वसाधरण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा ग्राम-सिवनी प.ह.नं. 00018, रा.नि.मं.-केन्द्री तह. अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 939/5, रकबा 0.740 हेक्टेयर को श्री गौरीशंकर पिता श्री जगत नारायण त्रिपाठी निवासी बंगाली मोहल्ला संतोषी नगर, दुर्गापारा रायपुर छ.ग. से क्रय करने का सौदा किया जाकर इकरारनामा निष्पादित किया चुका है सिर्फ विक्रय पंजीयन शेष है।

उक्त विक्रय इकरारनामा के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निगम, बैंक, शासकीय या अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी भी को आपत्ति या उजर हो तो इस संबंध में मय दस्तावेज मेरे कार्यालय समय सुबह 9 से 11 बजे में आकर 07 दिवस के भीतर आकर सम्पर्क करें अन्यथा समय समाप्ति पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगी तथा विक्रय पंजीयन करवा लिया जावेगा।

एतद् आम सूचना जाने।

**स्थान - रायपुर छ.ग.**
**दिनांक- 02/07/2024**

**भवदीय**
**एम.आर. साहू (अधिवक्ता)**
**कार्यालय पता - सेक्टर-1, सड़क नंबर- 05, प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर छ.ग.**
**मो. नंबर- 9827960903, 9575464743**

**आम सूचना**

**(ग्राम सेजबहार में स्थित भूमि खसरा नंबर 322,323,324 रकबा क्रमशः 1.0280,0.4450 एवं 2.9540 हे. भूमि के सबंध में)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि ग्राम सेजबहार में स्थित भूमि खसरा नंबर 322,323,324 रकबा क्रमशः 1.0280,0.4450 एवं 2.9540 हे. भूमि को मेरे पक्षकार रोहित कुमार पिता स्व. हीरासिंग निवासी सेजबहार तह.व जिला रायपुर छ.ग. के पक्ष में श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी रायपुर के द्वारा प्रकरण क्रमांक 1355/24 अ/85(3) वर्ष 1976-77 के आदेश दिनांक 15.07.1978 ऋण मुक्ति आदेश एवं अतिरिक्त कलेक्टर रायपुर के राजस्व प्रकरण क्रमांक 179 / अ 85 (3) वर्ष 1977-78 के आदेश दिनांक 26.02.1979 श्रीमान छत्तीसगढ राजस्व मण्डल बिलासपुर सर्किट कोर्ट रायपुर के प्रकरण क्रमांक आर. एन./14/अ.6.6/60/2023 आदेश दिनांक 09.02.2024 को पारित करते हुए प्रस्तुत पुर्नरीक्षण स्वीकार किया जाकर निम्न न्यायालय श्रीमान तहसीलदार रायपुर प्रकरण में अभिलेख शुध्दि संबंधि आवेदन गुणदोष में विवेचना कर विधि सम्मत आदेश पारित किया गया है जिसमें पक्षकार द्वारा सबंधित न्यायालय में अपना नाम दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है लेकिन उपरोक्त भूमि पर किसी अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा उपरोक्त भूमि पर अवैधानिक रूप से कब्जा किये जाने का प्रयास किया जा रहा है। जिसकी शिकायत मेरे पक्षकार द्वारा कलेक्टर/पुलिस अधीक्षक, विशेष थाना कालीबाडी, एवं थाना मुजगहन रायपुर में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त आम सूचना के माध्यम से आम जनता हो सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा कब्जा किये जाने का प्रयास न किया जावे नहीं तो मेरा पक्षकार द्वारा सबंधित न्यायालय में पक्षकार के रूप में उनका नाम संयोजित किया जावेगा जिन्हें कानूनी कार्यवाहियों का सामना करना पडेगा।

**सो सूचना जाने।**

**रायपुर (छ.ग.)**
**दिनांक 02/07/2024**

अधिवक्ता
तनय शेखर सेठ
सिवाल कोर्ट रायपुर, ऑफिस एवं निवास हरिभूमि प्रेस के पीछे छ.ग. नगर रायपुर
मो.- 9627482410

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**रा.प्र. क्रमांक /बी-121/2023-2024**
**रायपुर, दिनांक 01/07/2024**
**ग्राम अमलीडीह प.ह.नं. 69, तहसील व जिला रायपुर छ.ग.**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर छ.ग. का पत्र क्रमांक/85/ नगर निवेश / जोन-10/न.पा.नि./2024-25 रायपुर दिनांक 10.06.2024 न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसके अनुसार माननीय श्री मोतीलाल साहू, विधायक रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र क्र. 48 द्वारा पत्र क्रमांक 350 दिनांक 19.03.2024 के माध्यम से ग्राम अमलीडीह प.ह.नं. 69 रा.नि.मं. रायपुर-11 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 233/1-5 रकबा 3.674 हे, खसरा नंबर 236/1 रकबा 1.6190 हे. भूमि पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, महाविद्यालय एवं खेल मैदान हेतु शासकीय भूमि आबंटन करने हेतु अभिमत प्रदान करने हेतु लेख किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 16/07/2024 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**रायपुर**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री शैलेन्द्र कुमार साहू पिता श्री नारायण लाल साहू निवासी साहूपारा, सौराबांधा सिलौटी धमतरी छ.ग. ने विक्रेता श्री दीपक राम साहू पिता श्री रामू राम साहू निवासी चंगोराभाटा रायपुर छ.ग. की भूमिस्वामी हक स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम बोरियाखुर्द प.ह.नं. 71 रा.नि.मं. रायपुर 14 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित खसरा नं. 339/11 का भाग रकबा 4650 वर्गफुट है को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बयाना राशि अदा कर दिया है केवल विक्रय विलेख के पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त संव्यवहार से जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, बोर्ड, शासकीय या अर्धशासकीय निकाय, महाजन, साहूकार को कोई भी दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिनों के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर पावती प्राप्त करे। बाद म्याद प्रस्तुत दावा या आपत्ति इस आम सूचना के समक्ष शून्य व निष्प्रभावी होगा। अतः सूचना जाने

रायपुर छ.ग.
दिनांक 30.06.2024

**बी.पी. साहू अधिवक्ता**
**ग्राम बोरियाखुर्द पो.आ. सुन्दर नगर रायपुर छ.ग.**
**मो.न. 9406250240,9981755640**

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 7442 दिनांक 22.08.2012 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर - 29 में स्वतंत्र भवन क्रमांक- एच.आई.जी.-II/841, को श्रीमति रजनी मृगा पति श्री रमेश कुमार मृगा एवं कु. रचना मृगा पिता श्री रमेश कुमार मृगा, के नाम स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 11.04.2014 को लीजडीड (पट्टा विलेख) का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है वर्तमान में श्रीमति रजनी मृगा पति श्री रमेश कुमार मृगा एवं कु. रचना मृगा पिता श्री रमेश कुमार मृगा, निवासीः- फ्लैट नं. एल. 1, आयेशा होम्स, जी. ए.डी. कॉलोनी के पास, दन्तेवाडा (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्री किशन देवांगन पिता श्री मोतीलाल देवांगन, निवासीः- भाठापारा, ग्राम-पारागांव, रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन. ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक- एच. आई. जी.-II/841, के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना,**
**नवा रायपुर, अटल नगर जिला-रायपुर (छ.ग.)**



खबर संक्षेप

## शौण्डिक समाज ने सीएम से की मुलाकात



रायपुर। विधानसभा रोड स्थित निजी होटल में मंगलवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश शौण्डिक समाज की कार्यकारिणी और पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें प्रदेश के सभी जिलों से पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में समाज के प्रदेशाध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता ने सामाजिक हित में संगठन को मजबूत करने के लिए 16 एजेंडा-विजन डॉक्यूममेंट पर अपनी बात रखी। बैठक में सामाजिक विषयों पर चर्चा के लिए समाज के सभी कार्यकारिणी और पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री को शॉल और श्रीफल भेंटकर अभिनंदन किया गया। इसी दौरान पदाधिकारियों ने संपूर्ण छत्तीसगढ़ प्रदेश में शौण्डिक समाज के निवासरत उनके सामाजिक गतिविधियों, सामाजिक शैक्षिक स्वास्थ्य कल्याण के लिए भूमि आवंटित करने की मांग की गई, जिस पर मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया। बैठक में ओमप्रकाश गुप्ता, सुभाष साहू, रमाकांत गुप्ता, विजेंद्र गुप्ता आदि शामिल थे।

## एम्स के अधिष्ठाता का दिल्ली में हुआ सम्मान



रायपुर। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की राष्ट्रीय इकाई की ओर से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के अधिष्ठाता (शैक्षणिक) प्रो. आलोक चंद्र अग्रवाल को रोगियों के उपचार में उल्लेखनीय योगदान के लिए नई दिल्ली में सम्मानित किया गया। डाक्टर्स डे के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आरवी अशोकम और महासचिव डॉ. अनिलकुमार जे नायक ने प्रो. अग्रवाल को यह सम्मान प्रदान किया। उन्होंने शैक्षणिक प्रक्रिया में नवाचार को अपनाने पर प्रो. अग्रवाल को नए चिकित्सकों के लिए रोल मॉडल बताया। प्रो. अग्रवाल को आईएमए की ओर से 'एमिनेंट डॉक्टर पर्सनेल्टी' अवार्ड प्रदान किया गया। कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त) और एम्स के चिकित्सकों ने उन्हें इस प्रमुख उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

## मुख्य अभियंता सीताराम सेवानिवृत्त, दी विदाई



रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के मुख्य अभियंता सीताराम साहू को सेवानिवृत्ति पर उनके सहकर्मियों ने कुछ अलग अंदाज में विदाई दी। उन्हें विदाई देने के लिए उनके सहयोगियों ने विपश्यना ध्यान केंद्र में जाकर ध्यान किया। साथ ही पौधारोपण और उनका अभिनंदन किया। इस दौरान एक सादे समारोह में कार्यपालक निदेशक एमआर बागड़े एवं मुख्य अभियंता डीके तुली ने श्री साहू को शॉल-श्रीफल भेंटकर उनके स्वस्थ जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।

# शहर में जलभराव, अतिवृष्टि से निबटने निगम ने की तैयारी, सभी जोन में पानी खींचने मोटर पंप की व्यवस्था

### फिल्टर प्लांट सहित जोन 3 में 75 एचपी का बड़ा मोटर पंप उपलब्ध, तीन पाली में निगम अधिकारियों की ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर।

शहरवासियों को बारिश के सीजन में रिहाइशी बस्ती सहित प्रमुख मार्गों पर जलभराव सहित अतिवृष्टि से बचाव के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। टिकरापारा स्थित नगर निगम के मोटर वर्कशाप को बाढ़ आपदा नियंत्रण प्रकोष्ठ का कंट्रोलरूम बनाया गया है। वहां आपात स्थिति में शहर के किसी भी हिस्से में जलभराव की समस्या से निपटने 5 मोटर पंप चौबीस घंटे उपलब्ध कराये गये हैं। इसके अलावा सभी 10 जोन के लिए जोनवार बारिश का गंदा पानी बाहर निकालने मोटर पंप और फायर फायटिंग उपकरण के इंतजाम किये गये हैं। भाठागांव स्थित फिल्टर प्लांट और शंकर नगर स्थित जोन 3 में आने वाले 7 वार्डों के लिए 75 एचपी की क्षमता वाले 2 बड़े मोटर पंप की व्यवस्था की गई है।

नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेश पर नगर निगम के दस जोन स्थित 70 वार्डों में रहने वाले 14 लाख आबादी वाले रहवासी इलाके को डूबने से बचाने और आपात स्थिति में जलभराव की नौबत आने पर पानी निकास की तत्काल व्यवस्था करने निगम प्रशासन ने तैयारी कर ली है। बाढ़ आपदा नियंत्रण प्रकोष्ठ के माध्यम से शहरभर के रहवासी इलाकों में जलभराव की स्थिति पर नजर रखने 3 पाली में निगम के इंजीनियर, सब इंजीनियर सहित संबंधित जोन कमिश्नरों की डयूटी लगाई गई है। अपर आयुक्त विनोद पांडे को इस कार्य की मानिटरिंग के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है, जबकि जल विभाग के कार्यपालन अभियंता प्रदीप यादव कंट्रोलरूम के प्रभारी अधिकारी बनाये गये हैं।

#### बोट, सुरक्षा जैकेट के साथ एसडीआरएफ टीम

बारिश के सीजन में बाढ़, अतिवृष्टि की स्थिति निर्मित होने की अवस्था में एसडीआरएफ की टीम आपात स्थिति से बचाव के लिए सुरक्षा जैकेट, बोट के साथ लोगों को राहत पहुंचाने एलर्ट मोड में रहेगी।



#### कंट्रोलरूम में 5 मोटर पंप, सक्शन डिलीवरी पाइप, डिलीवरी होज सहित अन्य उपकरण

बाढ़ आपदा नियंत्रण प्रकोष्ठ के पास कंट्रोल रूम में जलभराव की शिकायत मिलने पर रहवासी इलाकों से गंदा पानी बाहर निकालने सक्शन होज डिलीवरी पाइप सहित 5 मोटर पंप की व्यवस्था है। प्रत्येक जोन और बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ में बाढ़ राहत सामग्री मोटर पंप, रस्सी, ट्यूब, टार्च, बाल्टियां धमेला, सब्बल, कुदाल की व्यवस्था जोन द्वारा की गई है। दमकल की गाड़ियों से ऐसे जगहों पर जहां साफ पानी भर गया है वहां तेजी से पानी बाहर खींचने दमकल विभाग के कर्मचारी की सेवाएं ली जायेगी। ज्यादा जलभराव की शिकायत आने पर नगर निगम के पास 2 बड़े पंप आपात स्थिति से बचाव के लिए उपलब्ध हैं। फिल्टर प्लांट के प्रभारी अधिकारी नरसिंग फरेन्द्र ने बताया कि 1 घंटे में 5 लाख लीटर गंदा पानी बाहर खींचने की क्षमता वाले 2 बड़े मोटर पंप 2 साल पहने तत्कालीन निगम आयुक्त सौरभ कुमार के कार्यकाल में खरीदे गये।

# कमर्शियल गैस की डिलीवरी के लिए पावती अनिवार्य, कार्ड में करनी होगी एंट्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी रोकने के लिए अब कमर्शियल गैस की डिलीवरी के लिए पावती अनिवार्य कर दिया गया है। बिना पावती कटाए कमर्शिलय उपभोक्ता को गैस की डिलीवरी नहीं होगी। इसके साथ ही उपभोक्ता कार्ड में भी एंट्री करना अनिवार्य किया गया है। इन दोनों के बिना अगर कमर्शियल गैस की डिलीवरी की जाती है, तो इसे अवैध माना जाएगा। कमर्शियल व घरेलू गैस वितरण में एजेंसियां गाइड लाइन का पालन कर रही हैं या नहीं, इसकी जांच के लिए संयुक्त टीम भी गठित की गई है।

प्रशासन की ओर से मंगलवार को कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रास भवन में पेट्रोलियम कंपनियों बैठक की गई। इसमें गैस एजेंसी के डीलर भी मौजूद थे। अपर कलेक्टर कीर्तिमान राठौर की अध्यक्षता हुई बैठक में जिला खाद्य अधिकारी भूपेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए कि जिले के सभी कमर्शियल उपभोक्ताओं के पास उपभोक्ता कार्ड अनिवार्य रूप से होना चाहिए। कमर्शियल गैस की डिलीवरी तभी वैध मानी जाएगी, जब पावती काटी गई हो और उपभोक्ता कार्ड में इसकी एंट्री हुई हो। एंट्री की जिम्मेदारी भी कंपनी और डीलर की होगी। बैठक में अधिकारी ने सभी कंपनियों व एजेंसी डीलरों से पिछले तीन महीने में जो कमर्शियल सिलेंडर वितरित किए गए हैं, इसकी लिखित में जानकारी मांगी है।

#### गाइड लाइन का पालन कराने जांच टीम बनाई

गैस एजेंसियां गाइड लाइन के अनुसार काम कर रही हैं या नहीं, इसकी जांच के लिए संयुक्त टीम गठित की है। 15 दिनों में टीम जांच कर रिपोर्ट देगी। अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

- कीर्तिमान सिंह राठौर, अपर कलेक्टर रायपुर

#### टीम आज से करेगी जांच

विभाग ने गैस एजेंसियों में गाइड लाइन व्यवस्था की जांच के लिए संयुक्त टीम गठित की है। इसमें खाद्य विभाग और पेट्रोलियम कंपनी के अधिकारियों को शामिल किया गया है।

#### इन बिंदुओं पर होगी जांच, 15 दिन में रिपोर्ट तलब

कमर्शियल उपभोक्ता की पावती काटी जा रही है या नहीं, कार्ड में एंट्री, 100 किलो से अधिक गैस एक साथ रखने की स्थिति में विस्फोटक लाइसेंस जरूरी है। जिन संस्था व होटल में 100 किलो से अधिक गैस की डिलीवरी होती है, उनके पास विस्फोटक लाइसेंस है या नहीं, डिलीवरी वाहन का नंबर, इंश्योरेंस, वाहन में वजन मशीन है या नहीं, उपभोक्ताओं को बिल पावती दी जा रही है या नहीं सहित अन्य कई बिंदुओं की जांच होगी। जांच के बाद टीम 15 दिन के भीतर प्रशासन को रिपोर्ट सौंपेगी।

#### यह भी निर्देश दिए गए

सभी गैस एजेंसियों को गोडाउन का पता, कर्मचारी के नाम, उनके मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से सहायक खाद्य अधिकारी को देना होगा। सभी उपभोक्ता को होम डिलीवरी करना है। जिनके पास सिंगल सिलेंडर है उन्हें डबल सिलेंडर देने के लिए प्रोत्साहित करना है। कमर्शियल गैस उपभोक्ताओ के लिए केवाइसी अनिवार्य, जब्त गैस सिलेंडरों की जानकारी देनी होगी। गैस डीलर अपना रेटिंग सर्टिफिकेट देंगे। सार्वजनिक रूप से ठेले-गुमटी में उपयोग किए जाने वालों को एक महीने का समय देकर कमर्शियल सिलेंडर लेने का शपथपत्र लेंगे।

# छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के निर्वाचित पदाधिकारियों ने निकाली विजय और आभार रैली



हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के चुनाव में विजयी पदाधिकारियों की मंगलवार को राजधानी रायपुर में विजय एवं आभार रैली निकली। सराफा कारोबार से जुड़े व्यापारियों ने उनका जगह-जगह जोरदार स्वागत किया। कहीं साफा बांधा गया, तो कहीं गजमाला पहनाई गई। कुछ जगहों पर जोरदार आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया। खुशी के माहौल में सराफा व्यापारियों ने रैली के स्वागत में मिठाई वितरण कर मुंह मीठा कराया।

■ जगह-जगह सराफा व्यापारियों ने किया शानदार स्वागत

छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के चुनाव में जीतने वाले एकता पैनल के चुनाव संचालक रहे हरख मालू व पवन सोनी ने बताया, पिछले दिनों बिलासपुर में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शानदार विजय व आभार रैली से स्वागत हुआ था, आज राजधानी के सराफा व्यापारियों को धन्यवाद ज्ञापित करने विजय एवं आभार रैली निकाली गई। रैली कोतवाली चौक से प्रारंभ होकर सदरबाजार, सत्तीबाजार, कमासीपारा, एडवर्ड रोड, हलवाई लाइन होकर महावीर भवन सदरबाजार में संपन्न हुई। जहां पर काफी बड़ी संख्या में उपस्थित सराफा कारोबारियों ने छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कमल सोनी, महामंत्री प्रकाश गोलछा, कोषाध्यक्ष हर्षवर्धन जैन का सम्मान किया गया। वरिष्ठजन भी पदाधिकारियों को आशीर्वाद प्रदान करने मौजूद रहे। अध्यक्ष कमल सोनी ने फिर दोहराया कि संकल्प पत्र में चुनाव के दौरान जो सराफा व्यापार के हित में काम करने की बात कही गई थी उस पर आज भी प्रतिबद्ध हैं। सामूहिक नेतृत्व के साथ उनका एसोसिएशन काम करेगा और जल्द ही जिला स्तर पर व्यापारियों के बीच उनकी टीम पहुंचेगी। व्यापार के हित में हम सब साथ है। चुनाव में समर्थन व सहयोग देने के लिए उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# भाजपा पार्षद दल ने नगरीय प्रशासन मंत्री से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे के नेतृत्व में भाजपा पार्षद दल ने मंगलवार को उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मुलाकात की। इस दौरान रायपुर नगर निगम को विभिन्न मदों में विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपए की राशि प्रदान करने के लिए विभागीय मंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया और उनसे यह अपेक्षा रखी कि आगे भी राजधानी के विकास में उनका सहयोग मिलता रहेगा। नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने कहा है, जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार आयी है, समय-समय पर विभिन्न मदों में छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा विकास के लिए राशि प्रदान की गई है। महापौर निधि, अध्यक्ष निधि के साथ पार्षद निधि का पैसा भी रायपुर नगर निगम को मिल गया है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ शासन के अन्य नगरीय निकायों को भी यह राशि मिल चुकी है। नगरीय प्रशासन मन्त्री अरुण साव ने नगर निगम में प्री ऑडिट की व्यवस्था को बदलने का निर्णय लिया है। भाजपा पार्षद दल इसका स्वागत करता है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव जी से मिलने गए प्रतिनिधि मंडल में नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, उप नेता मनोज वर्मा, प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे, जोन अध्यक्ष प्रमोद साहू, विनोद अग्रवाल, सीमा सन्तोष साहू, सरिता वर्मा, सीमा कन्दोई, सुशीला धीवर, चन्द्रपाल धनगर, दीपक जायसवाल, रोहित साहू, विश्वदिनी पाण्डेय, कमलेश्वरी वर्मा, कामिनी पुरषोत्तम देवांगन, गोदावरी साहू, भोलाराम साहू, गोपी साहू सहित भाजपा पार्षद गण उपस्थित रहे।

# विधि विभाग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बने सिन्हा संविदा रोकने ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

मंत्रालयीन कर्मचारी संघ से अलग विधि विभाग के कर्मचारियों ने अपना संगठन बनाया है। इस विभागीय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अनिल सिन्हा को बनाया गया है। उप सचिव सिन्हा के साथ कई और पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया है। नए संगठन ने विभाग में सेवानिवृत अफसर को संविदा नियुक्ति देने की प्रक्रिया का विरोध भी शुरू कर दिया और शासन को इस संदर्भ में ज्ञापन भी सौंपा। विभाग के कर्मचारियों को कहना है कि विभागीय कार्यों में दक्षता नहीं रखने वाले और अपने सेवाकाल के दौरान कर्मचारियों के प्रति नकारात्मक और पक्षपात पूर्ण व्यावहार रखने वाले अफसर को संविदा नियुक्ति देने की प्रक्रिया चल रही है, जिसका कर्मचारी विरोध कर रहे हैं। कर्मचारियों ने कहा, उनको संविदा नियुक्ति दिए जाने से शासकीय कार्य प्रभावित होंगे। विभागीय संघ के गठन के संदर्भ में अध्यक्ष श्री सिन्हा ने बताया कि राज्य निर्माण के बाद मंत्रालय कर्मचारी संघ द्वारा विधि विभाग के कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में ध्यान नहीं दिया जाता। इसलिए विधि विभाग के कर्मचारियों ने अपनी विभागीय समस्याओं के निराकरण के लिए पृथक से विभागीय कर्मचारी संघ का गठन किया है।

# एनएसयूआई जिलाध्यक्ष पर फेंका गंदा पानी बौराए नेताओं का बवाल, घंटों चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



मंगलवार को हुए एनएसयूआई के प्रदर्शन में जमकर हंगामा हुआ। एनएसयूआई छात्र राजधानी में आदिवासी छात्र की हुई हत्या का विरोध करने पहुंचे हुए थे। कालीबाड़ी चौक में नारेबाजी और विरोध-प्रदर्शन के बाद छात्रों ने मुख्यमंत्री और गृहमंत्री का पुतला जलाया। इसे बुझाने के लिए पुलिसकर्मियों द्वारा पानी डाला गया। पुतला बुझने के बाद पुलिसकर्मियों द्वारा गंदा पानी एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर उड़ेल दिया गया। इसमें जिलाध्यक्ष शांतनु झा सहित कई अन्य कार्यकर्ता भीग गए। इसके बाद एनएसयूआई ने कालीबाड़ी चौक जाम कर दिया। शाम 5 से 6 बजे तक कालीबाड़ी चौक से गुजरने वाले मार्ग का यातायात प्रभावित रहा।

चक्काजाम के बाद पुलिस एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर कोतवाली थाने ले गई। गौरतलब है कि बीते दिनों राजधानी में लोहांडीगुड़ा के छात्र की हत्या कर दी गई थी। इसके विरोध में एनएसयूआई ने पुतला फूंकते हुए सीएम और गृहमंत्री से इस्तीफे की मांग की। देर शाम हो रही बारिश के बाद भी छात्रों ने भीगते हुए प्रदर्शन जारी रखा। इस दौरान ही प्रदर्शन ने उग्र रूप ले लिया।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र समूह को सर्वे कार्य हेतु युवक-युवतियों की आवश्यकता है, जिनके पास स्वयं का वाहन हो। सम्पूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत सम्पर्क करें।

| पद | योग्यता | वेतन |
| --- | --- | --- |
| 20 | 10वीं,12वीं, स्नातक | 10,000+ |

Resume Whatsapp करें
9827555678
Gmail- cir.haribhoomi@gmail.com

मधुमेह का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

# केंद्रीय जीएसटी ने किया चैंबर प्रदेश अध्यक्ष पारवानी का सम्मान

रायपुर। सीजीएसटी आयुक्त मोहम्मद अबु समा ने कर अनुपालन की दिशा में उत्कृष्ट योगदान के लिए चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। केंद्रीय जीएसटी ने जीएसटी दिवस के अवसर पर उन्हें सम्मानित किया। सीजीएसटी आयुक्त ने कहा कि प्रदेश के जीएसटी संग्रहण में चैंबर का योगदान अतुलनीय है। जीएसटी संग्रहण के साथ ही जीएसटी नियमों के बारे में व्यापारिक संगठनों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सीजीएसटी कार्यालय रायपुर का रेवेन्यू कलेक्शन भी अब करीबन 1292 करोड़ रुपये हो गया है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, उपाध्यक्ष टी. श्रीनिवास रेड्डी, भरत जैन, नीलेश मूंदड़ा, दिलीप इसरानी, चैंबर टेक्निकल टीम के सदस्य सीए मुकेश मोटवानी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

बिजनेस साइट

# पीएनबी के जीएम चतुर्वेदी ने सीएम साय से की भेंट




रायपुर। पंजाब नेशनल बैंक के महाप्रबंधक आशीष चतुर्वेदी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुख्यमंत्री कार्यालय में भेंट की। श्री चतुर्वेदी ने मुख्यमंत्री को बैंक की सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। इसके अतिरिक्त बैंक द्वारा रिटेल (गृह, वाहन, शिक्षा ऋण इत्यादि) तथा व्यवसाय व उद्यम ऋण के बारे में बैंक द्वारा दी जा रही सेवाओं के बारे में जानकारी दी।

अंचल प्रबंधक ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को अवगत कराया कि रायपुर अंचल कार्यालय के तहत पंजाब नेशनल बैंक की छत्तीसगढ़ राज्य के प्रत्येक जिले में कुल 182 शाखाएं हैं। बैंक द्वारा ग्राहकों को खुदरा ऋण, गृह ऋण, कृषि ऋण औद्योगिक तथा व्यवसाय संबंधी ऋण आदि त्वरित रूप से प्रदान किए जाते हैं। बैंक के वर्तमान व्यवसाय, बैंक की विभिन्न ऋण एवं जमा योजनाओं एवं छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में कार्यरत शाखाओं द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं की भी जानकारी दी।

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 3 जुलाई 2024

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937





02 बाबा बर्फानी का दर्शन करने 20 के ....


## सिटी इवेंट

### डिजिटल तरीके से साक्ष्य जुटाने में मिलेगी मदद, बदलाव जरूरी



रायपुर। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में भारत और न्याय संहिता विषय पर व्याख्यान आयोजित हुआ। जिसमें देश में लागू हुए तीन नए कानूनों के ऊपर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दूरदर्शन के पूर्व निर्देशक प्रदीप शर्मा ने नए कानून के सभी प्रावधानों के बारे में बताते हुए कहा कि कानून में बदलाव नए भारत के लिए जरूरी है। इस नए कानून के तहत भविष्य में आतंकवाद को नए ढंग से परिभाषित किया जा सकता है। अपने अनुभवों के आधार पर कानून की बारीकियों की जानकारी रखने के साथ-साथ फील्ड में दक्ष होने का मंत्र दिया।

#### विद्यार्थियों ने साझा की अपनी विचारधारा

प्रभारी कुलसचिव डॉ. नरेंद्र त्रिपाठी ने कहा, नवीन कानून पूरे देश में लागू हो गया है। इस कानून से पीड़ित के अलावा जो निर्दोष हैं उन्हें भी न्याय प्राप्त करने का अवसर प्राप्त होगा। साथ ही कानूनी पेचीदगियों और समय की बर्बादी से भी लोग बच पाएंगे। डिजिटल तरीके से साक्ष्य जुटाने की मुहिम में मीडिया और पत्रकार और अधिक सशक्त होंगे। नए कानून से यह स्पष्ट होता है कि जो न्याय है, वही महत्वपूर्ण है। उपकुलसचिव सौरभ शर्मा ने कहा, देश नागरिकों के केन्द्रीयकरण की ओर बढ़ रहा है। दंड संहिता को बदलकर न्याय संहिता करना नागरिकों के हितों की रक्षा करेगा। कार्यक्रम की चर्चा-परिचर्चा के दौरान विद्यार्थियों ने भी अपनी बात रखी।

## कैंपस इवेंट

### कंपनियां मुड़ रही इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर, यह ऊर्जा के लिए अच्छा



रायपुर। एनआईटी में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा व्हीकल टेक्नोलॉजी एंड चार्जिंग स्टेशन इंफ्रास्ट्रक्चर वर्कशॉप का उद्घाटन किया गया। यह वर्कशॉप 6 जुलाई तक चलेगी। विशेषज्ञ डॉ. शुभ्रता गुप्ता ने इलेक्ट्रिक वाहनों को एक उभरती हुई टेक्नोलॉजी बताया, जो सतत विकास के लिए ट्रांसपोर्टेशन इंफ्रास्ट्रक्चर को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकती है। डॉ. प्रभात दीवान ने बताया कि कई कंपनियां इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर रुख कर रही हैं। डॉ. सौरभ सक्सेना ने आईआईटी दिल्ली के बैटरी रिसर्च सेंटर द्वारा किए गए शोध पर चर्चा की। उन्होंने लिथियम-आयन बैटरी के कामकाज और उपयोग के बारे में बताया।

#### चार्जिंग स्टेशन की कम महत्वपूर्ण चुनौती

डॉ. शैलेंद्र द्विवेदी ने मल्टी-स्पॉट ईवी चार्जिंग स्टेशनों की चुनौतियों और भविष्य के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मल्टी स्पॉट चार्जिंग स्टेशन में विभिन्न प्रकार के वाहनों के लिए भिन्न भिन्न प्रकार की पॉवर सप्लाई करनी पड़ती है, इसलिए इन वाहनों की पॉवर सप्लाई को मैनेज करना जरूरी होता है। एनआईटी पुडुचेरी के डॉ. अल्लेमशेट्टी हेमचंदर ने भारत में ईवी में उभरते रुझानों और चुनौतियों पर बात की। उन्होंने कहा की चार्जिंग स्टेशन की कमी और बैटरी को देश के बाहर से आयात करना एक महत्वपूर्ण चुनौती है। ओपल-आरटी के डॉ. मनीष बरवार ने अंतिम सत्र में ईवी ड्राइवट्रेन और नियंत्रकों के कार्यों के बारे में जानकारी दी।

## लाइव इवेंट

### तैराकी की तीनों विधाओं में दिखाई प्रतिभा, 200 खिलाड़ी बने हिस्सा



रायपुर। अंर्तराष्ट्रीय स्वीमिंग में डिस्ट्रिक स्वीमिंग एसोसिएशन की ओर से एक दिवसीय जिला स्तरीय बालक एवं बालिका तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान 50, 100, 200, 400 व 800 मीटर में तैराकी की तीनों विधाओं फ्री स्टाइल, बैक स्ट्रोक एवं ब्रेस्ट स्ट्रोक में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष नगर निगम मीनल चौबे व डिस्ट्रिक स्वीमिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. मनीष शुक्ला रहे। संजय शुक्ला, रूपेश मिश्रा, प्रशांत शर्मा, पी.के.चंद्राकर सहित विभिन्न स्वीमिंग पूलों के कोच महोदय मौजूद रहे। प्रतियोगिता में पूरे संभाग से लगभग 200 से ज्यादा तैराकों ने अपनी प्रतिभा का प्रर्दशन किया।

#### मेडल प्राप्त करने खिलाड़ियों का सम्मान

समापन समारोह में अंर्तराष्ट्रीय स्तर से लेकर छोटे शहरों तक वर्तमान में तैराकी एवं खेल के बढ़ते प्रभाव एवं उसके महत्व के संबंध में जानकारी दी गई। प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर मेडल प्राप्त कर राज्य का नाम रोशन करने वाले प्रतियोगी बच्चों का भी सम्मान किया गया। अविरल सिंह, अबीर शुक्ला, सम्यक वैदय, वास्वी कुंजाम, दामिनी देवी, नियाषा पैकरा, उपराज, शेनन, शौर्य देवागंन, वेदा राव, प्रिया सोनो, हिया जैन, तेजस्वी एवं यशस्वी शर्मा, मनीष करण, अनंत द्विवेदी, सोना दास, अनिष्का शर्मा, नायरा शुक्ला, शगुन, अर्नव मिश्रा, एकबीर शर्मा, अनिका, शार्य प्रताप, वैरोनिका पंडा व अन्य पुरस्कृत हुए।

---

**कथा वाचिका जया किशोरी ने पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में दी मोटिवेशनल स्पीच**

# 18 से 24 साल की उम्र तक दिमाग में प्यार नहीं हार्मोन्स चलते हैं, सही इंसान नहीं मिल जाता तब तक खुद पर करें फोकस





व्यक्ति पूरी जिंदगी गलत हरकत करता है फिर जब जीवन का अंत निकट होता है, तब गंगाजी में डुबकी लगाकर अपने पाप को पुण्य में बदल बदलने की सोचता है। लेकिन ऐसे लोगों को पता नहीं होता है कि गंगाजी में सोचे -समझे पाप नहीं धुलते। वही पाप धुलेंगे जो आपने गलती से किए हैं। आज लोग सोच-समझकर लोगों के साथ गलत कर रहे हैं। यह कहना है जानी-मानी धर्म प्रचारिका और कथा वाचिका जया किशोरी का, जिन्होंने दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में मोटिवेशनल स्पीच से लोगों को आध्यात्मिकता के बारे में विस्तार से बताया।

रायपुर। जया किशोरी ने कहा कि आज हर व्यक्ति पैसा कमाना चाहता है, चैन की नींद के लिए। लेकिन ऐसा नहीं है। पैसा कमाकर भी अच्छे से नींद नहीं आती है। इसके पीछे का कारण है कि वह अध्यात्म नहीं है। अध्यात्म में जुड़ने के लिए कई लोग रिटायरमेंट के बाद प्लानिंग करते हैं। वे कहते हैं कि अब बहुत कमा लिया, अब अध्यात्म के रास्ते में चलना है। वह सोचते हैं कि अध्यात्म के रास्ते में चलाने के लिए पैसा कमाकर छोड़ना होता है, लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं है। जिस समय अध्यात्म के मार्ग में चलने की आवश्यकता थी, तब पैसा कमाने के लिए का ताकत, प्रेम सबकुछ त्याग कर चुके होते हैं।

### हजारों रहे उपस्थित

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यहां पहुंचे लोगों के चेहरे में मुस्कुराहट है, उसकी वजह सकारात्मक वचन हैं। अक्सर टीवी में मोटिवेशनल स्पीच सुनता हूं। इससे पहले मैंने कथा वाचिका को टीवी में ही देखा था। आज पहली बार प्रत्यक्ष रूप से मिलने का मौका मिला है। इस दौरान मंच में रायपुर विधायक मोतीलाल साहू के साथ हजार से अधिक लोग ऑडिटोरियम में उपस्थित रहे।

### ब्रेकअप के बाद रोने से कुछ नहीं होगा

युवाओं को प्यार काफी होता है। हर कुछ दिनों में आपके ब्रेकअप होते हैं और आपका हार्टब्रेक ऐसा होता है कि मानो दुनिया का दुख एक तरह इनका टूटा हुआ दिल एक तरफ। 18 से 24 साल के युवाओं को कहना चाहती हूं कि बहुत जिंदगी बची हुई है। बहुत कुछ देखना है अभी। जितना आप रो रहे हैं, उतना कुछ नहीं होगा। शांत रहिए। जब सही इंसान को आना है आ जाएगा, तब तक अपने ऊपर फोकस करें। हम दुनिया के पीछे बड़े पागल होते हैं, लेकिन खुद से प्यार करना भूल जाते हैं। इसलिए पहले खुद से प्यार करना सीखें। यह तो उम्र ऐसी है कि दिमाग प्यार में तो चलता ही नहीं है, केवल हार्मोन्स ही चलते हैं। इसलिए उसे प्यार समझना ही बंद कर दीजिए। लाइफ में कुछ बड़ा करना है तो यह आपका प्राइम समय है।



### मेहनत से बदल सकते हैं परिस्थिति

जीवन में जैसे-जैसे आप आगे बढ़ेंगे, ऐसी कई परिस्थिति आएगी, जो आपके बस में नहीं होगी। सबसे अच्छा तरीका है ध्यान उसमें लगाएं जो आपके कंट्रोल में हो। फेलियर आपके नियंत्रण में नहीं है। मेहनत से आप अपनी परिस्थिति बदल सकते हैं। किस को कब सफलता मिलेगी कोई नहीं बता सकता है। इंसान सोचता है जब अवसर मिलेगा तब मेहनत करूंगा। यह गलत सोच है। सफलता के लिए निरंतर मेहनत करना होगा।

### जीवन में कुछ परिस्थिति मौसम की तरह होती है

कार्यक्रम में जया किशोरी ने शुरुआत अपना परिचय देते हुए किया। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता बचपन से मेरा लाइफस्टाइल रहा है। मुझे कभी नहीं लगा कि मेरे जीवन में अचानक कोई बदलाव हुआ और मैं अध्यात्म के क्षेत्र में आ गई। आज का यूथ जब बोलता है आई एम नॉट रिलीजियस। मैं स्पिरिचुअल हूं, तो मुझे लगता है उन्होंने रिलिजन को ठीक से समझा ही नहीं है। क्योंकि अगर समझा होता तो मालूम होता दोनों चीजें एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं। श्रीमद्भागवत गीता से आज लोगों को मैनेजमेंट और लीडरशिप सिखाई जा रही है। जिस इंसान ने इसे ठीक से पढ़ा होगा उसे पता होगा कि पूरी किताब में पूजा-पाठ कैसे करते हैं, यह नहीं बताया है। महाभारत में युद्ध से ज्यादा आपका जीवन कैसा होना चाहिए यह बताया गया है। बचपन से मुझे बताया गया कि श्रीराम और श्रीकृष्ण ने क्या किया। जब उनके जीवन में कोई समस्या आई तो उन्होंने कैसे उसका समाधान निकाला। आपके जीवन में कुछ परिस्थिति मौसम की तरह होती है। अक्सर जब लोगों के जीवन में कोई समस्या आती है तो कहते हैं कि मेरी ही किस्मत खराब है, मेरे साथ ही ऐसा होता है, लेकिन भगवान सब के साथ हैं। वह हर परिस्थिति में कल्याण चाहते हैं।

---

# पेट और मधुमेह रोगियों के लिए बनाया खास तरह का सलाद



रायपुर। गुडविल हॉस्पिटल के आहार चिकित्सा विभाग द्वारा व्यंजन और सलाद डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में इंटर्न डायटीशियन और वर्किंग नर्सों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पौष्टिक और चिकित्सा में उपयोगी आहार रेसिपी को बना कर प्रदर्शित किया गया। साथ ही पेट और मधुमेह रोगियों के लिए उपयुक्त सलाद का भी प्रतियोगिता में प्रदर्शन किया गया। सभी रेसिपी के कैलोरी वैल्यू और रोग की अनुकूलता का मेनू भी साथ में रखा गया। इस प्रतियोगिता की निर्णायक डिग्री गर्ल्स कॉलेज की होम साइंस विभाग की प्रो.रेखा दीवान, समाजशास्त्र विभाग की प्रोफेसर मनीषा महापात्रा और गुडविल हास्पिटल के सीईओ डॉ.शुभम अवस्थी और आहार विशेषज्ञ साक्षी सिंह रहे।

### सलाद डेकोरेशन में रिंकी ने मारी बाजी



चीफ़ डायटीशियन साक्षी सिंह ने बताया कि आहार व्यंजन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार विजेता श्रेया और आरती, द्वितीय पुरस्कार श्रुति और मौसमी को मिला। सलाद डेकोरेशन में प्रथम पुरस्कार साक्षी और ज्योति, द्वितीय पुरस्कार गीतिका और कुंजलता को मिला। इस आयोजन में सुनील शर्मा, थामनेश्वर सिंग राजपुत, तारिक खान, ममता निषाद, भूमि सुता साहू, टिकेंद्र साहू, अखिलेश ठाकुर, पूजा साहू, दामिनी मांझी सहित अन्य शामिल रहे। हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ.सत्यजीत साहू और आचार्य अनिमेषानंद अवधुत ने पुरस्कार वितरण किया।

# एसएससी ने जारी की पोस्ट फेज-12 के लिए आंसर-की, आपत्ति 5 तक

रायपुर। स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एसएससी) की ओर से सेलेक्शन पोस्ट फेज-12 भर्ती परीक्षा का आयोजन 20 जून से 26 जून 2024 तक निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर करवाया गया था। अब एसएससी की ओर से एग्जाम में भाग लेने वाले उम्मीदवारों के लिए आंसर-की जारी जारी कर दी गई है। अभ्यर्थी उत्तर कुंजी एसएससी की ऑफिशियल वेबसाइट ssc.gov.in पर जाकर डाउनलोड कर सकते हैं। आंसर की डाउनलोड करने के लिए उम्मीदवारों को लॉग इन क्रेडेंशियल दर्ज करना होगा।

### प्रति प्रश्न 100 रुपए शुल्क

*आंसर-की डाउनलोड करने के बाद अभ्यर्थी इससे अपने प्रश्न उत्तरों का मिलान कर सकते हैं। इस दौरान अगर छात्र किसी उत्तर से संतुष्ट नहीं होते हैं तो वे 5 जुलाई शाम 5 बजे तक उस पर आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। आपत्ति दर्ज करने के लिए प्रति प्रश्न 100 रुपए का भुगतान करना होगा। छात्रों की आपत्ति का निराकरण एसएससी की ओर से गठित टीम द्वारा किया जायेगा और अगर छात्रों का दावा सही पाया जाता है तो उसके लिए अंक प्रदान किए जाएंगे।*

---

**कार्नर न्यूज**

**जैनमुनि विरागसागरजी महाराज के कठोर तप से हर कोई चकित**

# गर्म पानी पीकर निराहार व्रत के 109 दिन, ऊर्जा ऐसी कि देर रात तक प्रवचन व तप, गुजरते हैं स्वाद पर नियंत्रण की प्रक्रिया से

रायपुर। जैन समाज का इतिहास त्याग, तप और समर्पण का रहा है। जैनमुनि विरागसागरजी महाराज इन दिनों राजधानी में अपना चतुर्मास पूर्ण कर रहे हैं। वे बीते 109 दिनों से निराहार व्रत कर रहे हैं। उनका व्रत लगातार जारी है। अपने व्रत के दौरान दिन में तीन से चार बार वे सिर्फ गर्म जल ही ग्रहण करते हैं और दिनभर अभूतपूर्व ऊर्जा के साथ प्रवचन, व्याख्यान और तप में लीन रहते हैं। ब्रह्म मुहूर्त में 3 बजे उनकी दिनचर्या प्रारंभ होती है। रात को 12 से 1 बजे तक वे श्रद्धालुओं के साथ आध्यात्मिक चर्चा में लीन रहते हैं। व्रत की पारणा को लेकर विरागसागरजी महाराज कहते हैं, जब गुरु आज्ञा होगी, तप की पारणा करेंगे।



*धर्म के नाम पर विवाद को लेकर विरागसागरजी महाराज कहते हैं, लोग धर्म को समझते नहीं, इसलिए विवाद होता है। कोई मजहब बैर करना नहीं सिखाता। हमें आत्मकल्याण पर ध्यान देना चाहिए। दूसरे क्या कर रहे, इस प्रपंच में पड़ने से कोई लाभ नहीं। भगवान तो सिर्फ निमित्त बन सकते हैं, योग्य हमें स्वयं बनना होगा। युवाओं में अवसाद को लेकर विरागसागरजी महाराज कहते हैं, हमने बच्चों को रोबोट समझ लिया। माता पिता की बच्चों से अपेक्षाएं बढ़ गईं। इस वजह से वे प्रेशर नहीं झेल पा रहे हैं और आत्मघाती कदम उठा रहे हैं।*

### लंबे वक्त से आयंबिल तक

इससे पूर्व विरागसागरजी महाराज 171 दिन, 36 दिन और 65 दिन भी निराहार व्रत कर चुके हैं। सामान्य व्यक्ति का एक दिन भी निराहार रहना मुश्किल होता है। ऐसे में 109 दिन तक विरागसागरजी महाराज का निराहार रहना हर किसी को चकित तो करता ही है, उनके प्रति आस्था भी बढ़ा देता है। सांसारिक जीवन में विरागसागरजी महाराज की पत्नी रहीं श्रीजयशिशुविरतीयशाजी भी रायपुर में ही चतुर्मास व्रत कर रही हैं। वे भी पिछले काफी वक्त से आयंबिल तप कर रही हैं, जिसमें जैनमुनि स्वाद पर नियंत्रण की प्रक्रिया से गुजरते हैं। इसे भी बेहद कठिन व्रत माना जाता है।

### आहार के राग को तोड़ना जरूरी

जैनमुनि विरागसागरजी महाराज के पूरे परिवार का त्याग और तप का इतिहास रहा है। लगभग 10 वर्ष पूर्व उन्होंने अपनी सांसारिक पत्नी, पुत्र और पुत्री के साथ दीक्षा ले ली थी। तब से वे स्वयं विरागसागरजी, पत्नी श्रीविरतीयशाजी के नाम से जानी गईं। जबकि पुत्री खुशी विनम्रयशाजी और पुत्र भव्य श्रीभव्यमुनिजी हो गए। विरागसागरजी महाराज कहते हैं, आज व्यक्ति तन से बाद में हारता है। पहले मन से ही हार मान लेता है। मन को मजबूत करना और आहार के राग को तोड़ना जरूरी है, तभी स्वयं और परमात्मा से संवाद हो सकेगा। वे बताते हैं, जल के साथ ही सूर्य की किरणों से भी ऊर्जा मिलती है, जिससे काफी समय तक निराहार रहा जा सकता है।

## कैंपस लाइव

# मम्मियों ने जाना, घर की वस्तुओं से कैसे समझाएं गणित व भाषा



रायपुर। समग्र शिक्षा के अंतर्गत राज्य स्तरीय 'पढ़ाई तिहार सह अंगना म शिक्षा' कार्यक्रम का आयोजन 2 जुलाई को पूरे प्रदेश में किया गया। इसी कड़ी में संकुल केंद्र चंगोराभाठा में नवप्रवेशी बच्चों एवं माताओं का स्वागत किया गया। इस मेले में बच्चों की शाला पूर्व तैयारी का आकलन माताओं के सामने काउंटर बनाकर शिक्षकों द्वारा किया गया। माताओं को यह समझाया गया कि किस प्रकार घर पर रहकर भी मां अपने बच्चे को घर कि वस्तुओं से भी भाषा एवं गणित समझा सकती हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य माता को बच्चों से किस प्रकार सहायता प्राप्त हो सकती है, यह बात पालकों को समझना एवं शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ना रहा।

### महिलाओं ने स्वयं की शुरुआत

गौरतलब है कि कोरोना काल में सबसे ज्यादा नुकसान स्कूल से वंचित बच्चों का ही हुआ था, जिसकी पूर्ति करने के लिए स्व प्रेरित महिलाओं ने 'अंगना म शिक्षा' कार्यक्रम की शुरुआत की थी। इसे प्रथम वर्ष 'अंगना म शिक्षा' के रूप में मनाया गया था और हर साल की तरह शानदार चौथे वर्ष में 'अंगना म शिक्षा' ने प्रवेश किया। इसे पढ़ाई तिहार 4.0 के रूप में पूरे प्रदेश में मना जा रहा है। चांगोराभाठा में प्रवेश उत्सव के साथ-साथ पढ़ाई तिहार का आयोजन गणमान्य नागरिकों की उपस्थित में हुआ। इस दौरान छगन चौबे, शिरीष तिवारी, नोडल प्राचार्य वंदना दवे, श्री वैष्णव, बृजराज वर्मा, बरखा शर्मा एवं समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

## आराधना

# शंकर को दर्शन कराने से मना कर दिया था यशोदा ने



रायपुर। समता कालोनी स्थित खाटू श्याम मंदिर में 27 जून से 4 जुलाई तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा प्रसंग में व्यास महंत चिन्मयदास महाराज ने कहा भगवान श्रीकृष्ण के बालचरित्र का जिक्र करते हुए कहा कंस ने कई प्रकार के राक्षसों को भगवान को मारने भेजा। श्रीकृष्ण ने सभी राक्षसों का संहार कर दिया। तब भगवान शंकर योगी का रूप धारण कर व्रज में आए। और कहा कि भगवान शंकर का दर्शन करने आया हूं। पहले यशोदा जी ने उन्हें दर्शन कराने मना कर दिया, लेकिन बाद में शंकर जी के अनुरोध पर दर्शन कराया। गोकुल में आज भी चिन्ताहरण मन्दिर स्थित है।

### कल होगा समापन

समता कालोनी के खाटू श्याम मंदिर में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा स्थल पर पहुंच रहे हैं। इसमें बड़ी संख्या महिलाओं की है। बालाजी परिवार और रामकथा समिति के इस कथा अनुष्ठान का समय प्रतिदिन दोपहर 3:30 बजे से शाम 7 बजे तक रखा गया है। 4 जुलाई तक राजधानीवासी श्रीमदभागवत कथा का आनंद उठा सकेंगे। 3 जुलाई को श्रीकृष्ण -रूखमणि विवाह महोत्सव मनाया जायेगा।

## समाज इवेंट

# मोहक नृत्य में दिखा कौशल ट्रेजर हंट में ढूंढा समाधान



रायपुर। जेसीआई रायपुर मैक यूनाइटेड ने 30 जून को नागपुर नक्षत्र द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित मिडकॉन 2024 सम्मेलन में भाग लिया। इस कार्यक्रम में टीम ने न केवल एक मनमोहक नृत्य प्रदर्शन किया बल्कि विभिन्न श्रेणियों में कई पुरस्कार और सम्मान भी प्राप्त किए। मैक यूनाइटेड की प्रशिक्षण के प्रति समर्पण को प्रशिक्षण क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन पुरस्कार मिला। इसके अलावा पीआर और मार्केटिंग क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस दौरान मैक यूनाइटेड के ग्रुप द्वारा ग्रुप डांस प्रस्तुति दी गई, जिसने प्रथम पुरस्कार जीता।मैक यूनाइटेड की टीम वर्क और समस्या समाधान कौशल ट्रेजर हंट में भी दिखाई दी, जहां वे विजेता बने।

### रील्स में दिखाई रचनात्मकता

टीम की रचनात्मकता को प्रदर्शित करते रील्स को भी विशेष सराहना मिली। फोटो प्रदर्शन श्रेणी में कलात्मक फोटोग्राफी कौशल के लिए मैक यूनाइटेड उपविजेता बनी। अंजू पटेल और तवी गुप्ता ने अपनी त्वरित सोच और फुर्ती का प्रदर्शन करके वन मिनट गेम शो जीत लिया। इस दौरान टाइम्स ऑफ मैक यूनाइटेड पत्रिका का भी विमोचन किया गया। यह पत्रिका टीम की गतिविधियों और उपलब्धियों के विषय में जानकारी प्रदान करती है। समर्पण और टीम भावना का संदेश देते हुए सभी इसका हिस्सा बने।

● यात्रियों ने कहा- अब अमरनाथ यात्रा करना हुआ आसान, इंटरनेट से लेकर अच्छी सड़क की मिल रही सुविधा

# बाबा बर्फानी का दर्शन करने 20 के ग्रुप में भेज रहे श्रद्धालु, गुफा तक एंबुलेंस व एनडीआरएफ की टीम के लिए अलग रास्ता

अमरनाथ यात्रा शुरू होने के साथ राजधानी से भी बढ़ी संख्या में श्रद्धालुओं का जत्था बाबा बर्फानी के दर्शन करने पहुंचने लगा है। श्राइन बोर्ड द्वारा तीन दिन पहले ही अमरनाथ यात्रा शुरू की गई है। सोमवार से अमरनाथ में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने लगी है। श्रद्धालुओं ने हरिभूमि से यात्रा अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि मंगलवार को दोमेल चेक पोस्ट से दर्शन करने के लिए 8000 से अधिक यात्रियों को भेजा गया था। इसमें रायपुर में 20 से अधिक यात्री शामिल थे।



### गुफा तक मिल रही है इंटरनेट की सुविधा

समता कॉलोनी निवासी यात्री सुनील चौधरी ने बताया कि पहले यात्रा के मार्ग पर कई जगह नेटवर्क नहीं मिलता था, लेकिन इस बार नेटवर्क की व्यवस्था अच्छी कर दी गई है। लिहाजा यात्रियों को अपने परिजन से बात करने में कोई परेशानी नहीं हो रही है। साथ ही मार्ग के किनारे कांक्रीट की बाउंड्री करवाकर एंगल लगवा दिए गए हैं, जिससे यात्री के गिरने का डर खत्म हो गया है। बाबा बर्फानी की गुफा से 200 मीटर दूर चेक पोस्ट बनाया गया है जहां दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को आरएफआईडी कार्ड चेक कराना अनिवार्य है। उसके बाद भी बाबा की गुफा की ओर जाने दिया जा रहा है।



रायपुर। इस बार भीड़ को देखते हुए गुफा से 200 मीटर दूर बनाए गए चेक पोस्ट से 20 से 25 श्रद्धालुओं को ही गुफा की ओर जाने दिया जा रहा है। यात्री राकेश सिंह ने बताया कि उन्होंने बालटाल दुमेल चेक पोस्ट से सुबह 6 बजे यात्रा शुरू की थी और दोपहर 1 बजे वह बाबा बर्फानी के दर्शन कर पाए। बाबा बर्फानी की गुफा से करीब 3 किमी पहले काली माता रोड से आने में जहां 45 मिनट का समय लगता था वहीं भीड़ अधिक होने के कारण करीब 2 घंटे 15 मिनट का समय लगा। श्राइन बोर्ड ने इस बार श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। गुफा तक जाने वाला मार्ग चौड़ा कर दिया गया है। इसके साथ ही पहली बार एनडीआरएफ की टीम और एंबुलेंस गुफा तक पहुंच सकेगी, जिसके लिए अलग से मार्ग बनाया गया है। ऐसा इसलिए किया गया है कि कहीं कोई अप्रिय घटना होती है तो तुरंत श्रद्धालुओं तक मदद पहुंच सकेगी।



### घोड़े वालों के लिए पहली बार की है अलग लाइन

*यात्रियों ने बताया कि पहले बाबा बर्फानी के दर्शन वाले मार्ग पर घोड़े दो से तीन की कतार बनाकर भी चलते थे जिससे पैदल श्रद्धालुओं को परेशानी होती थी, लेकिन इस बार नई व्यवस्था यह की गई कि घोड़े वालों के लिए अलग लाइन बना दी गई है। इस लाइन पर घोड़े वाले चलेंगे और कोई लाइन तोड़ता है तो सुरक्षा कर्मी कार्रवाई कर रहे हैं। साथ ही मार्ग 10 से लेकर 16 फीट तक का चौड़ा कर दिया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को चलने में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही है।*



### होटलों में 80 फीसदी कमरे बुक

*अमरनाथ यात्रा के दौरान रोजाना जम्मू से कश्मीर के लिए 50 से 60 छोटे वाहन यात्रियों को लेकर रवाना हो रहे हैं। यात्रियों के आगमन से जम्मू के होटलों में 80 फीसदी कमरे बुक हो चुके हैं। श्री बाबा बर्फानी हर-हर महादेव सेवा समिति के द्वारा श्रद्धालु के लिए फलाहार की व्यवस्था की गई है। इसलिए श्रद्धालुओं की आस्था को देखते हुए लंगर में फलाहार बनाया गया है। फलाहार में साबूदाने की खिचड़ी, साबूदाने की खीर, फल, आलू, आलू के चिप्स और फलाहारी नमकीन दिया जा रहा है।*

# वैश्विक बाजारवादी शक्तियों से रहें सावधान दवा बाजार में भी कुछ देशों का एकाधिकार



**जागृति मंडल में जुटे शहर के प्रबुद्धजन**

रायपुर। वैश्विक बाजारवादी शक्तियों ने भारत के आर्थिक, सामाजिक, रक्षा, कृषि, स्वास्थ्य इत्यादि क्षेत्रों को व्यापक रूप से प्रभावित किया है। ग्लोबलाइजेशन के बहाने विश्व के विकासशील देशों की अर्थव्यवस्था को नियंत्रित करने व संचालित करने करने के लिए कुछ मुट्ठीभर देश सक्रिय हैं। वैश्विक संगठन, गैरसरकारी संगठन, मल्टी नेशनल कम्पनियां, बिग टेक इनके टूल बनते हैं। ये बातें ग्लोबल मार्केट फोर्सेस के स्टडी सर्कल के आयोजन में सामने रखी गईं। आयोजन में कृषि, फार्मासूटिकल, रक्षा, बैंकिंग व फाइनेंस और ऑइल एंड गैस जैसे विषयों पर पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कई चौंकाने वाले तथ्य रखे गए। जागृति मंडल ट्रस्ट द्वारा यह कार्यक्रम रखा गया।

### बताया, क्यों हो रहे हैं दुनिया में युद्ध

*कार्यक्रम में शोधार्थियों व विशेषज्ञों ने पीपीटी के माध्यम से स्टडी सर्कल के अब तक अध्ययन के बिंदु सामने रखे गए। साथ ही भविष्य की योजना पर प्रकाश डाला। इसमें बताया गया कि कैसे दुनिया के मुट्ठीभर ताकतवर लोग, संगठन , सरकार व मल्टीनेशनल कंपनियां अपने आर्थिक लाभ के लिए विश्व को एक बाजार बना रहे हैं। कार्यक्रम में विश्व में समय प्रति समय होने वाले युद्धों के कारण पर भी प्रकाश डाला गया। रक्षा सौदों व विश्व के दवा बाजार में अमेरिका जैसे देशों के एकाधिकार पर भी चर्चा हुई। आयोजन में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के मध्य क्षेत्र के प्रचार प्रमुख कैलाश ने भी मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर व्यापार जगत, मीडिया, सामाजिक क्षेत्र, किसान, डॉक्टर्स, फार्मा विशेषज्ञ, रक्षा विशेषज्ञ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक अश्विनी कौशिक रहे। कार्यक्रम का संचालन गौरव जिंदल ने किया।*






### ऑपरेशन टूल्स छोड़कर डॉक्टर्स ने थामा माइक

रायपुर। मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर्स डे के अवसर पर छत्तीसगढ़ मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन द्वारा 'डॉक्टर्स डे म्यूजिकल मीट' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के डॉक्टरों ने कराओके संगीत के साथ गायन और नृत्य का शानदार प्रदर्शन किया। मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित हुए इस समारोह में डॉक्टरों ने एकल गायन एवं समूह गायन के माध्यम से सुमधुर गीतों की प्रस्तुति देकर इस दिन को यादगार बनाया। इसके साथ ही एकल नृत्य एवं समूह नृत्य के माध्यम से अपनी नृत्य प्रतिभा का परिचय दिया। डॉक्टरों के उत्साह वर्धन के लिए सरप्राइज गिफ्ट, लक्की ड्रॉ और केक कटिंग सेरेमनी का भी आयोजन किया गया। एकल गायन में डॉ. अरविन्द नेरल ने भंवरे की गुंजन.., डॉ. वर्षा मुंगुटवार ने अब तो है तुमसे.., डॉ. विभा पात्रे ने आपके प्यार में हम.., डॉ. आकाश लालवानी ने दिल का आलम... सहित कई अन्य गीतों पर प्रस्तुति दी। समूह गायन में पैथोलॉजी विभाग के 11 चिकित्सा शिक्षकों ने 'लव यू जिंदगी' थीम पर जिंदगी के सकरात्मक पहलुओं को उजागर किया।

### कलमकार एवं पुलिस एक सिक्के के दो पहलू



रायपुर। पत्रकार और पुलिस सामाजिक व्यवस्था की वह धुरी है जो समय-समय पर एक-दूसरे के पूरक होकर काम करते हैं। पत्रकार वह आईना है, जो सामाजिक चिंतन के साथ समस्याओं को उजागर करता है। समन्वय एवं सामंजस्य से ही बड़ी से बड़ी समस्याओं का निस्तारण आसानी से किया जा सकता है। ऐश्वर्या जनसेवा समर्थन सोसायटी द्वारा आयोजित सम्मान समारोह एवं संगोष्ठी में उक्त बातें रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा। ऐश्वर्या जनसमर्थन सोसायटी द्वारा 22 पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों और 30 पत्रकारों को सम्मानित किया गया। ऐश्वर्या जनसेवा समर्थन सोसायटी की अध्यक्ष पूनम पांडे ने कहा कि पुलिस और पत्रकारों में बेहतर तालमेल रहे तो बड़ी से बड़ी घटनाओं को आसानी से राजफाश किया जा सकता है। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर पुलिसिंग हैं। पत्रकारों एवं पुलिस के मध्य समन्वय हमेशा स्थापित रहे।

**धर्म करते हुए यदि आप साधु नहीं बने तो भी आपका जीवन हो जाएगा आनंदमय**

# कोई रोके-टोके तो उसका विरोध करने के स्थान पर करें विचार कर्म करते वक्त सही अथवा गलत के भान से ही आत्म कल्याण

**कार्नर न्यूज**

**राजधानीवासियों पर जिनवाणी की वर्षा के क्रम में दीर्घ तपस्वी श्री विरागमुनिजी मंगलवार को भाठागांव के वालफोर्ट सिटी पहुंचे। यहां बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने प्रवचन का लाभ लिया। प्रवचन के दौरान उन्होंने कहा कि यह जीवन हमें आत्मा का कल्याण करने के लिए मिला है। जिनशासन में आपकी एंट्री हो जाए तो आपका कल्याण हो जाएगा।**

### आध्यात्म यानी आत्मा के हित का चिंतन



अब आध्यात्म की बात करें तो आध्यात्म यानी आत्मा के हित की चिंतन। आज तक आप लोगों को खुश करने के लिए क्रियाएं करते रहे पर अब आपको अपनी आत्मा का खुश करना है। आप क्रिया तो करते हैं, लेकिन उस वक्त आप आत्मा के हित के बारे में नहीं सोचते हो। अगर आपने क्रिया करते समय सही और गलत का सोच लिया तो आपकी आत्मा का कल्याण हो जाएगा। आपने शराबियों को देखा होगा, बिना शराब पीए उनके पैर नहीं उठते, यह सब शराब के नशे की वजह से होता है। वैसे ही आपको भी धर्म का प्याला पी जाना है। आपको कहीं अगर स्वार्थ दिखे तो आप किसी के भी सामने झुकने के लिए तैयार हो जाते हो, आपको किसी के छत्रछाया की आवश्यकता नहीं है। आप खुद को पहचानिए और आनंदित होकर काम कीजिए।

रायपुर। आप बस धर्म करते रहिए और अगर धर्म करते-करते आप श्रावक या साधु नहीं बन पाए तो कम से कम आपके जीवन का उद्धार तो हो ही जाएगा। धर्म के माध्यम आपका जीवन आनंद से भर जाएगा। इसके लिए आप एक कल्याण मित्र बना लीजिए। आज लोग कल्याण मित्र का मतलब ही नहीं समझ रहे हैं। वे अपने उन दोस्तों को कल्याण मित्र समझते हैं जो उनके साथ घुमने जाए, बाहर जाकर खाए-पीये और पिक्चर देखने जाए। जबकि ऐसा नहीं है, वह कल्याण मित्र आपके भाई-बहन हो सकते हैं, पति-पत्नी भी हो सकते हैं या माता-पिता भी हो सकते हैं। कल्याण मित्र वह होते हैं, जो आपको सही को सही और गलत को गलत कहने की हिम्मत रखते हैं। यह आपको पहचानना होगा कि कौन आपका कल्याण मित्र है। कोई अगर आपके कल्याण के लिए आपको टोके, वही सच्चा कल्याण मित्र होगा। अब यह आपके विवेक पर निर्भर करता है कि कोई आपको रोके-टोके तो आपको उसका विरोध करना है कि उसकी बातों पर विचार करना है।

### प्रवचन के बाद नवकारसी

जैन संत श्री विरागमुनि जी मंगलवार को सुबह 5.30 बजे चौबे कॉलोनी से विहार करते हुए भाठागांव स्थित वॉलफोर्ट सिटी पहुंचे। वहीं, बुधवार की सुबह 8 बजे मुमुक्षु नीलेश महेता को दीक्षा का मुहूर्त गुरूवर द्वारा प्रदान किया जाएगा। अतिथियों के लिए प्रवचन के बाद नवकारसी, सुबह और शाम के भोजन की व्यवस्था क्लब हाउस में रहेगी। श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय कांकरिया और कार्यकारी अध्यक्ष अभय कुमार भंसाली ने बताया कि जिनवाणी की वर्षा के क्रम में 3 और 4 जुलाई को वालफोर्ट सिटी में सुबह 8.45 से 9.45 बजे मुनिश्री का प्रवचन होगा।

## सिटी स्पोर्ट्स

### अंडर-19 में शानदार पारी, निखिल ने 41 विकेट लिए और आलोक ने बनाए रिकार्ड 455 रन


निखिल शर्मा


आलोक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ (सीएससीएस) द्वारा आयोजित अंडर-19 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) की टीम विजेता एवं प्लेट कंबाइंड की टीम उपविजेता रही। इस प्रतियोगिता में शांति नगर, भिलाई स्थित नेशनल क्रिकेट अकादमी के छह खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। बल्लेबाजी में आलोक गुप्ता, जसविंदर गिल, वी इशांत राव और गजेंद्र नाग तथा गेंदबाजी में निखिल शर्मा, इलेश कुशवाहा, आलोक गुप्ता, वी इशांत राव एवं नीलेश कुशवाहा ने बीसीए का प्रतिनिधित्व किया। जसविंदर गिल ने भिलाई स्टील प्लांट, निखिल शर्मा ने प्लेट कंबाइंड और गजेंद्र नाग ने कांकेर टीम का प्रतिनिधित्व किया। बल्लेबाजी में आलोक गुप्ता (दाएं हाथ के बल्लेबाज) ने 10 पारियों में सबसे ज्यादा 455 रन बनाएं। जिसमें एक शतक सेमी फाइनल में बिलासपुर के विरुद्ध बनाया एवं फाइनल की दोनों पारियों में मिलाकर 132 रन बनाएं। एक पारी में नॉट आउट और बल्लेबाजों की सूची में पहले स्थान पर रहे। गेंदबाजी में निखिल शर्मा (बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज) ने 12 पारियों में 41 विकेट लिए और गेंदबाजों की सूची में पहले स्थान पर रहे। जिसमें उन्होंने पांच बार पांच विकेट लिए। एक मैच में बीसीए के विरुद्ध (लीग मैच में) 11 विकेट लिए एवं जसविंदर सिंह गिल (बाएं हाथ के बल्लेबाज) ने भिलाई स्टील प्लांट की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए 7 इनिंग में 303 रन बनाएं। जिसमें एक इनिंग में 102 रन बनाएं। कांकेर के विरुद्ध बीसीए के वी इशांत राव (बाएं हाथ के बल्लेबाज) ने 10 पारियों में 295 रन बनाएं। उच्चतम स्कोर 59 रन रहा। फाइनल में प्लेट कंबाइंड के विरुद्ध दोनों पारियों को मिलाकर 114 रन बनाएं। कांकेर टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए गजेंद्र नाग ने कुल 8 पारियों में 244 रन बनाएं। उच्चतम स्कोर 124 रन राजनांदगांव के विरुद्ध बनाएं।

### जिला वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में शामिल हुए उदीयमान




**रायपुर।** दो दिवसीय रायपुर जिला सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर (बालक/बालिका) (पुरुष/महिला) वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2024 एवं ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन 29 और 30 जून को खारुन रेल विहार फाफाडीह रायपुर में किया गया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि रायपुर ग्रामीण विधानसभा के विधायक मोतीलाल साहू ने विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कार दिया। उन्होंने रायपुर जिले के खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए जिला वेटलिफ्टिंग संघ को 50000 की आर्थिक सहयोग की घोषणा भी की। रायपुर जिले के लगभग 100 बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। जिनमे 12 वर्ष एवं 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक/बालिकाओं का विशेष प्रतियोगिता कराकर उनका उत्साह बढ़ाया गया। प्रतियोगिता के परिणाम में स्वर्ण पदक में बबली विश्वास, अदिति साहू,सानिका चंदेल,विधि साहू,चरणजीत कौर, अनामिका साहू, प्रांजलि तिवारी, प्रितु साहू, लुकेश्वरी साहू,मेघा पाल,दिव्या सिन्हा,श्रेया साहू,अंजलि साहू,हिमांशु जांगड़े,आर्यन जांगड़े, मौलिक साहू, लोकित तारक, छायान साहू, लक्षित देवदास, कबीर परिहार, राजकुमार साहू, दीपांशु लहरे, किशन धीवर, प्रिंस राजपूत, मिहिर राजपूत, चिरंजीव भारती, हेरंभ साहू, साहिल कटरे,राहुल कुमार साहू, अर्जुन मार्कण्डेय, आदित्य कुमार साहू, झामेंद्र पाल, तुषार साहू, हनी वर्मा, मोहित नामदेव और हर्षल राहंगडाले शामिल हैं। रजत पदक में गीतांजलि जांगड़े, पायल डेहरे, आयुषी सोनी, युजराज साहू, दुष्यंत जंघेल, नितिन नारंग, करण बर्मन, हर्ष बघेल, अंकित भारती, समीर बंजारे, आर्यन धीवर, केशव पाल और यश पाल शामिल हैं। वहीं कांस्य पदक में तानिया मेरिशा, गीतिका टंडन, विवान धीवर, सुजल मारकंडे, सचिन सिंह नर्मदा और सिद्धार्थ चेलक शामिल हैं। समापन समारोह में विशेष अतिथि अनंत डी के, कौशलेंद्र, सुमित उपाध्याय, रज्जन श्रीवास्तव, एवन कुमार जैन, राजेंद्र सिंह यादव, बुधराम सारंग, संगरत्न गेडाम, चैतराम अग्रवाल, डेविड राजू, संतोष सोनी, डॉ राजेश जंघेल, राधेश्याम साहू, रुस्तम सारंग, अशोक साहू, दीपक यादव, अजय दीप सारंग, चंदूलाल साहू, ललित राहंगडाले, दीपक धीवर, शशिकांत साहू निर्णायक मनीष जंघेल, अशोक साहू, ललित साहू, छबिराम विश्वकर्मा, पंकज शुक्ला एवं अन्य जिला भारोत्तोलन संघ के पदाधिकारी उपस्थित हुए।

● इस मौसम में क्या खाएं और क्या नहीं, इसे लेकर सचेत रहना जरूरी

# मानसून में खान-पान को लेकर बरतें सावधानी वरना पड़ सकते हैं मुश्किल में, इन बातों का भी रखें ध्यान

देश के ज्यादातर हिस्सों में मानसून की शुरुआत हो चुकी है। ये मौसम भीषण गर्मी से राहत दिलाने वाला माना जाता है, पर मानसून अपने साथ कई प्रकार की बीमारियों को लेकर भी आता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, मानसून के दौरान सेहत के लेकर विशेष सावधानी बरतनी जरूरी है। क्या खाएं-क्या नहीं इस बात को लेकर अलर्ट रहने की जरूरत है। खान-पान में बरती गई असावधानी फूड पॉइजनिंग जैसी पाचन से संबंधित दिक्कतों का कारण बन सकती है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, मानसून के दिनों में डायरिया, कब्ज और अपच जैसी पाचन स्वास्थ्य से संबंधित जटिलताओं का खतरा बढ़ जाता है। फूड पॉइजनिंग से बचाव को लेकर उपाय करते रहना जरूरी है। आइए जानते हैं, मानसून में पाचन संबंधित समस्याएं क्यों बढ़ जाती हैं और इसस बचाव के लिए आहार संबंधित किन बातों पर ध्यान देना जरूरी है।



### मानसून में फूड पॉइजनिंग का खतरा

फूड पॉइजनिंग बैक्टीरिया, वायरस, परजीवी से दूषित खाद्य या पेय पदार्थों के कारण होने वाली समस्या है। आहार विशेषज्ञ गरिमा चावला बताती हैं, गर्मियों से लेकर मानसून तक का समय कई प्रकार के संक्रामक रोगों का जोखिम बढ़ाने वाला माना जाता है। इस दौरान खाद्य जनित संक्रमण का जोखिम सबसे अधिक देखा जाता है जिसके कारण फूड पॉइजनिंग हो सकती है। मानसून के दौरान खुले में या लंबे समय तक रखे गए भोजन में हानिकारक बैक्टीरिया और वायरस पनपने लगते हैं जिससे पाचन स्वास्थ्य से संबंधित दिक्कतों का खतरा हो सकता है।

### क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ?

अमर उजाला से बातचीत में दिल्ली स्थित एक अस्पताल में सीनियर कंसल्टेंट डॉ अमित सिंह बताते हैं, बरसात के दिनों में सब्जियों-फलों को अच्छी तरह से धोकर और साफ करके ही खाना चाहिए। मानसून में बाहर खाने-पीने से बचना चाहिए। स्ट्रीट फूड, ज्यादा तेल वाली चीजें पाचन स्वास्थ्य के लिए समस्याएं बढ़ाने वाली हो सकती हैं।

### आइए जानते हैं कि मानसून के दिनों में क्या खाना चाहिए और क्या नहीं?

मानसून में क्या खाना चाहिए?

मानसून के दौरान कुछ चीजों को आहार में शामिल करना लाभकारी हो सकता है। आहार में प्रोबायोटिक्स शामिल करेंः दही, छाछ जैसी चीजों का सेवन करना फायदेमंद माना जाता है। प्रोबायोटिक्स वाली चीजें गुड बैक्टीरिया को बढ़ावा देती हैं जिससे हमारा पाचन तंत्र ठीक रहता है।- हाइड्रेशन जरूरीः पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से शरीर से विषाक्त पदार्थ बाहर निकलते हैं और पाचन तंत्र स्वस्थ रहता है। पाचन संबंधित समस्याओं और विषाक्तता से बचे रहने के लिए उबाल कर ठंडा करके पानी पिएं।

### क्या नहीं खाना चाहिए?

मानसून के दौरान होने वाली समस्याओं से बचे रहने के लिए कच्ची सब्जियां खाने से बचें। कच्ची सब्जियों के बजाय उबली हुई या अच्छे से पकाकर ही सब्जियां खाएं। पत्तेदार साग खाने से भी इस मौसम में बचा जाना चाहिए। पत्तियों के बीच नमी के कारण इनमें विषाणुओं के पनपने का खतरा रहता है। साग खाने से बचना चाहिए।





# बच्चे को सिखाना है साफ-सुथरा रहना, तो अपनाएं आसान टिप्स

माता-पिता की जिम्मेदारी है कि वे अपने बच्चों में साफ-सफाई की अच्छी आदतें डालें, क्योंकि ये उनकी सेहत और लाइफस्टाइल, दोनों से जुड़ी हैं। बच्चे कुछ बड़े क्या होते हैं कि खुद से नहाने की जिद करने लगते हैं। आप जब उन्हें नहलाती हैं तो उनकी साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखती हैं। लेकिन वे खुद से इस उम्र में सही तरह से नहीं नहा सकते, जिससे उन्हें कई तरह की बीमारियों का खतरा हो सकता है। इसी तरह बच्चों की इम्यूनिटी हमारे मुकाबले काफी कमजोर होती है और ऐसे में सेहत के प्रति बरती गई थोड़ी-सी लापरवाही भी उन्हें बीमार कर सकती है। इसलिए बेहतर होगा कि आप बच्चों की हाइजीन का खास ख्याल रखें और उन्हें छोटी उम्र से ही बॉडी हाइजीन हैबिट्स सिखाएं।

### हाथों की सफाई

सेहतमंद रहने के लिए हाथों की सफाई बहुत जरूरी है। हमारे हाथों पर कई तरह के बैक्टीरिया और वायरस होते हैं। ये बैक्टीरिया और वायरस हमारे शरीर के भीतर सबसे आसानी से हाथों से ही पहुंचते हैं। इसलिए बच्चों को कम उम्र से ही अपने हाथों को साफ रखना जरूर सिखाएं। उनमें आदत डालें कि वे खाना खाने से पहले और बाद में हाथों को अच्छी तरह साफ करें। वे खेलने, जानवरों को छूने, रोगियों से मिलने और बाहर से घर आने के बाद अच्छी तरह साबुन से अपने हाथों को साफ करें।



### दांतों पर ध्यान

बच्चों के दांत आने के बाद आप उन्हें सही तरीके से उनकी सफाई करना सिखाएं। इसके अलावा कुछ भी खाने के बाद कुल्ला करना, सोने से पहले ब्रश करना और कोई भी ऐसी-वैसी चीज मुंह में लेने से मना करें। दांतों को साफ रखने की आदत उन्हें कैविटी से बचाएगी। साथ ही बच्चों में ज्यादा से ज्यादा पानी पीने की आदत डालें। इससे उनके मुंह से बदबू नहीं आएगी और वे दिन भर हाइड्रेट भी रहेंगे।

### वॉशरूम में

टॉयलेट भी ऐसी जगहों में से एक है, जहां से सबसे ज्यादा बीमारियां फैलती हैं। इसलिए आप बच्चों को छोटी उम्र से ही साफ तरीके से टॉयलेट यूज करना सिखाएं, ताकि उन्हें कोई बीमारी न लगे। आप उन्हें बताएं कि टॉयलेट को बिना गंदा किए इस्तेमाल करें, साथ ही टॉयलेट जाने के बाद खुद को कैसे साफ करें और हाथों को किस प्रकार अच्छी तरह से धोएं।

### काटती रहें नाखून

एक उम्र के बाद बच्चे आपसे नहाने में शर्माने लगते हैं। इसलिए उनमें रोज नहाने की आदत डालें और इस दौरान उन्हें शरीर की साफ-सफाई, जैसे कि हाथ, पैर, बाल, और अन्य अंगों की सफाई किस तरह करनी चाहिए, यह जरूर सिखाएं। बच्चों के नाखूनों को समय-समय पर काटती रहें और उनमें नाखूनों को छोटे रखने की ही आदत डालें। इस आदत से खेलते या खाते समय उनके नाखूनों में गंदगी या बैक्टीरिया जमा नहीं हो सकेंगे। किशोरवय बच्चियों पर खास ध्यान देने की जरूरत होती है।



# बारिश में चाय के साथ खिलाएं खस्ता कचौड़ी



मानसून आते ही गर्मागर्म चाय के साथ चटपटा नाश्ता करने की चाह बढ़ जाती है। अब हर दिन पकोड़े खाना मुमकिन नहीं, ऐसे में मानसून के लिए कुछ अलग अलग व्यंजनों और उनकी आसान रेसिपीज के बारे में जान लीजिए। बारिश का मौसम में आप थोड़ी सी दाल भिगोकर रख सकते हैं। मूंग दाल कई स्नेक्स बनाने के काम में आ सकती है। इस बार मूंग दाल से खस्ता कचौरी बनाने की आसान विधि जान लीजिए। इस विधि से गेंहू के आटे की बाजार जैसी खस्ता कचौड़ी बनाई जा सकती है। इसके इसके लिए आटे में सूजी मिलाकर गूंद लें। ये कचौड़ी की क्रिस्पी बना देगा। वहीं मैदे की कचौरी बहुत खस्ता बन सकती है। इसलिए अपने स्वाद के मुताबुकि दोनों ही आटे से कचौड़ी बना सकते हैं।

### कचौड़ी बनाने की विधि

भीगी हुई मूंग की दाल को मिक्सी में दरदरा पीस लें। अब मैदा या गेहूं के आटे में सूजी मिलाकर एक चम्मच तेल और स्वादानुसार नमक डालकर आटा गूंथ लें। गूंथे हुए आटे को कपड़े से ढककर रख दें।

### कचौड़ी की स्टफिंग

कड़ाही में तेल गर्म करके उसमें जीरा, सौंफ, धनिया पाउडर, कुटा हुआ साबुत धनिया, लाल मिर्च पाउडर, हल्दी और बेसन को मिलाकर धीमी आंच पर भून लें। अब इस मिश्रण में दरदरी पिसी दाल डालकर अच्छे से मिक्स करते हुए पका लें। फिर अमचूर और स्वादानुसार नमक मिला पकाएं। जब दाल अलग अलग होने लगे तो समझ जाएं कि मसाला पक गया है। इस स्टफिंग को ठंडा करें समान अनुपात में गोल बॉल्स तैयार कर लें।

### खस्ता कचौड़ी रेसिपी

गूंथे हुए आटे में थोड़ा सा तेल लगाकर एक बार अच्छी तरह से गूंद लें। फिर छोटी लोइयां बना लें। लोई को कटोरी जैसा आकार देकर उसमें मसाले की तैयार बॉल रखें और पोटली की तरह बनाते हुए बंद कर दें।अब इसे छोटी पूरी के आकार में बेल लें, बेलते समय थोड़ा मोटा ही रखें। एक कड़ाही में तेल डालकर गर्म करे और खौलते तेल में कचौड़ियां डालकर धीमी आंच पर डीप फ्राई करें। सुनहरी होने तक सभी कचौरियों को तलें, गर्मागर्म खस्ता कचौरियां तैयार हैं।

# सूर्य यंत्र की स्थापना किस दिशा में करनी चाहिए?

यंत्रों को स्थापित करने से व्यवसाय में सफलता प्राप्त होती है। यंत्रों को स्थापित करने से स्वास्थ्य में सुधार होता है। यंत्रों को स्थापित करने से मन को शांति मिलती है। ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से सूर्य यंत्र को स्थापित करने के बारे में विस्तार से जानिए कि घर की किस दिशा सूर्य यंत्र रखना शुभ माना जाता है।



### घर की किस दिशा में स्थापित करें सूर्य यंत्र?

वास्तु शास्त्र के अनुसार, सूर्य यंत्र को घर की पूर्व दिशा में स्थापित करना सबसे शुभ माना जाता है। पूर्व दिशा सूर्योदय की दिशा होती है और इसे ऊर्जा और सकारात्मकता का प्रतीक माना जाता है। इससे सूर्यदेव की कृपा बनी रहती है और व्यक्ति के जीवन में मान-सम्मान, यश और सकारात्मकता का भी संचार होता है।

### सूर्य यंत्र स्थापित करने के दौरान रखें इन बातों का ध्यान

यंत्र को दीवार पर इस तरह से स्थापित करें कि उसका मुख पूर्व दिशा की ओर हो। यंत्र को किसी ऊंचे स्थान पर स्थापित करें, जैसे कि पूजा की जगह या लिविंग रूम। यंत्र को स्थापित करने से पहले उसकी अच्छी तरह से सफाई कर लें। यंत्र को स्थापित करते समय मंत्रों का जाप करें। यंत्र को स्थापित करने के बाद उसकी नियमित रूप से पूजा करें।

### सूर्य यंत्र स्थापित करने के लाभ क्या हैं?

घर में सूर्य यंत्र स्थापित करने से घर में सकारात्मक ऊर्जा और समृद्धि आता है। यह स्वास्थ्य और सफलता को बढ़ावा देता है। यह नकारात्मक ऊर्जा को दूर करता है। यह आत्मविश्वास और एकाग्रता में सुधार करता है। यह मानसिक शांति प्रदान करता है। साथ ही व्यक्ति को मान-सम्मान की भी प्राप्ति होती है।

### सूर्य यंत्र की पूजा कैसे करें?

सूर्य यंत्र की पूजा करने के लिए, पहले स्नान करें और स्वच्छ वस्त्र पहनें। यंत्र को एक साफ कपड़े पर रखें। यंत्र के पास एक दीपक जलाएं और धूप जलाएं। भगवान सूर्य का ध्यान करें और मंत्रों का जाप करें।

# लॉन्ड्री की बजाए घर पर ही आसानी से करें ड्राई क्लीन

*ड्राई क्लीन का खर्च कितना महंगा होता है ये बताने की आवश्यकता नहीं। कई बार तो ड्राई क्लीन के लिए लॉन्ड्री में दिए गए कपड़े समय पर मिलते भी नहीं। ये सब ड्राई क्लीन प्रक्रिया नहीं जानने के कारण होता है। अगर आप घर पर ड्राई क्लीन करना जानते हैं तो इससे कपड़ों की सफाई पर होने वाले खर्च और समय दोनों को बचा सकते हैं। इससे पहले आप ड्रेस को आयरन करने का देसी जुगाड़ भी जान चुके हैं। कोट पैंट, विंटर जैकेट, स्वेटर, स्वेटशर्ट इत्यादि को आप अपने हाथों से अच्छी तरह साफ कर सकते हैं।इन कपड़ों को साफ करना कोई बहुत मुश्किल काम नहीं है। लेकिन आपको ड्रेस ड्राई क्लीन करने की सही जानकारी होनी चाहिए। अगर आपको जानकारी है तो कॉटन, पॉलिस्टर, नायलोन, एक्रेलिक फैब्रिक वाले कपड़ों को घर पर ही अच्छी तरह साफ कर सकेंगे।*

### कपड़ों को ड्राई क्लीन करने से पहले क्या करें

किसी भी प्रकार की ड्रेस को ड्राई क्लीन करने से पहले कुछ बातों को अच्छी तरह समझ लें। इसके बाद ही कपड़ों की सफाई करें। अगर आप इन बातों को इग्नोर करेंगे तो कपड़े खराब हो सकते हैं।

ड्रेस पर लगे लेबल पर लिखी जानकारी को पढ़ें।कपड़े की फैब्रिक के हिसाब से डिटर्जेंट यूज करें।कपड़ों को धोने से पहले उनकी पॉकेट को चेक करें।ड्राई वॉश के लिए यूज होने वाली चीजों को पहले एक जगह रख लें।अलग-अलग कलर की जैकेट या अन्य ड्रेस को एक साथ बाल्टी या मशीन में न डालें।गर्म पानी के लिए मना किया गया है तो उपयोग न करें।



### ड्राई क्लीन के लिए यूज होने वाले डिटर्जेंट

ड्राई क्लीन के लिए यूज होने वाले डिटर्जेंट की जानकारी ड्रेस के साथ लगे लेबल पर होती है। वैसे आप ऊनी ड्रेस के लिए लिक्वीड डिटर्जेंट का इस्तेमाल ही करें। इसी तरह आप ड्राई वॉश के लिए अन्य प्रकार के केमिकल का उपयोग ड्रेस के हिसाब से कर सकते हैं।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
6263818152,
7987119756

ITR फाईल बनवाएं मात्र 499/-
• TDS रिफंड • GST रजिस्ट्रेशन • इनकम TAX फाइल
• प्रोजेक्ट रिपोर्ट • MSME रजिस्ट्रेशन • GST रिटर्न फाइल
• CMA DATE • फूड लाइसेंस • BALANCE SHEET
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं
संपर्क : शेखर गुप्ता, मो. 93007-55544, 8878655544 D-6 सेक्टर-2, गुरुद्वारा के सामने देवेन्द्र नगर रायपुर

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7987119756

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## फ्रांसीसी फिल्म बोर्ड के अध्यक्ष बाउटोनेट को तीन साल की सजा



फ्रांस के राष्ट्रीय फिल्म बोर्ड के अध्यक्ष डोमिनिक बाउटोनेट को अपने गॉडसन पर यौन उत्पीड़न के आरोप में दोषी पाए जाने के बाद तीन साल की जेल की सजा दी गई है। इसमें वह एक साल हिरासत में रहेंगे। इसके अलावा उन्हें फ्रांस के राष्ट्रीय सिनेमा केंद्र (सीएनसी) के प्रमुख के पद से भी इस्तीफा देना पड़ा है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, डोमिनिक बाउटोनेट को जेल में समय नहीं बिताना पड़ेगा, लेकिन उम्मीद है कि वह हिरासत के एक साल तक इलेक्ट्रॉनिक ब्रेसलेट के साथ घर में नजरबंद रहेंगे। बताया जा रहा है कि मामले में अदालत इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि 14 जून को हुई सुनवाई में बताए गए तथ्य यौन उत्पीड़न के संदर्भ में विशेष रूप से गंभीर थे। डोमिनिक बाउटोनेट ने हमेशा इन आरोपों से इंकार किया है। उन्होंने अदालत से बाहर निकलते समय अपनी बेगुनाही की पुष्टि की थी। इसके साथ ही कहा था कि वे फैसले और सजा के खिलाफ अपील करेंगे। स्थानीय मीडिया ने बताया कि बाउटोनेट ने सीएनसी स्टाफ को निकाय के प्रमुख के रूप में अपने पद से इस्तीफा देने के अपने फैसले के बारे में सूचित किया है, जो राज्य फिल्म और टीवी फंडिंग की देखरेख करता है। वर्तमान उप महानिदेशक ओलिवियर हेनर्ड को स्थायी प्रमुख नियुक्त होने तक निकाय का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। निर्माता और सीएनसी प्रमुख को पहली बार अक्टूबर 2020 में जांच के दायरे में रखा गया था, जब उनके गॉडसन ने अगस्त 2020 में ग्रीस में पारिवारिक छुट्टी के दौरान उन पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पुलिस शिकायत दर्ज कराई थी।

### टालीवुड

## 'हरि हर वीरा मल्लु' में दिखेगा बाघ का रोमांचक सीक्वेंस



पवन कल्याण साउथ फिल्मों के सुपरस्टार हैं। इस वक्त वह आंध्र प्रदेश के नौवें उपमुख्यमंत्री के रूप में कार्यरत हैं। उनकी कई फिल्में इस साल रिलीज को प्रस्तावित हैं। उनमें से ही एक फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लु' को लेकर अपडेट सामने आया है। 'हरि हर वीरा मल्लू' की घोषणा के बाद से ही इसे कई मुश्किलों से गुजरना पड़ा है। फिल्म के प्रस्तुतकर्ता ए.एम. रत्नम दर्शकों को एक बेहद शानदार सिनेमाई अनुभव देने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं। फिल्म की रिलीज पर संशय बरकरार है, लेकिन अभिनेता के फैंस उम्मीद जता रहे हैं कि वो इस साल के अंत तक सिनेमाघरों में फिल्म देख सकेंगे। हाल में ही एक इंटरव्यू में ए.एम. रत्नम ने फिल्म को लेकर बात की है। इस दौरान उन्होंने बताया कि मछलीपट्टनम बंदरगाह पर एक सीक्वेंस शूट किया गया है। बेहतरीन सीजीआई के लिए ईरान की एक कंपनी को जिम्मेदारी दी गई है। काम बेहतर हो इसके लिए ईरान से एक व्यक्ति भारत आया है। उन्होंने बताया कि इस एपिसोड के लिए सीजीआई का काम अगले 10-15 दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। इस इंटरव्यू में उन्होंने आगे बताया कि कुश्ती से जुड़ा एक एपिसोड शूट किया गया है , जिसके वीएफएक्स का काम अभी बेंगलुरु में किया जा रहा है। इसके साथ ही चारमीनार एपिसोड के लिए वीएफएक्स का काम हैदराबाद में चल रहा है।₹ फिल्म में वीएफएक्स का काफी महत्व होगा। इसे लेकर ए.एम. रत्नम ने कहा है कि विजुअल इफेक्ट्स दर्शकों को पुराने दिनों की याद दिलाएंगे। उन्होंने कहा कि फिल्म की टीम का उद्देश्य है कि फिल्म पूरी तरह से बेहतर बने, इस वजह से ही फिल्म में अधिक समय भी लग रहा है। इसके अलावा रत्नम ने एक और मजेदार खुलासा करते हुए बताया कि फिल्म में बाघ वाला एक सीक्वेंस भी होगा। इसके लिए कनाडा की एक कंपनी को सीजीआी का काम सौंपा गया है। इसके अलावा कुछ दृश्यों की शूटिंग अभी बाकी है, जो पूरा होते ही पोस्ट- प्रोडक्शन का काम शुरू हो जाएगा।

### भोजपुरी

## 'मेरे पति की शादी' देगी पारिवारिक मनोरंजन



सुरभि माधव इंटरटेनमेंट के बैनर तले फिल्म 'मेरे पति की शादी' की शूटिंग उत्तर प्रदेश के खलीलाबाद के रमणीय स्थलों पर चल रही है। डायरेक्टर संतराम ने बताया कि उनकी इस फिल्म के प्रमुख अभिनेताओं में माधव राव, काजल यादव एवं अंजना सिंह के साथ ही मनोज टाईगर व भोजपुरी सिनेमा के दिग्गज कलाकार इसमें भूमिका अदा कर रहे है। निर्देशक संतराम का कहना है कि बहुत ही रोमांचभरी स्टोरी के साथ ही यह पारिवारिक फिल्म है जो दर्शकों के दिल में अपनी जगह बनाएगी। जैसा की फिल्म के नाम से साफ पता चलता है कि ये पति-पत्नी पर आधारित है। हालांकि पत्नी कभी नही चाहती है कि पति दूसरी शादी करे और घर में सौतन लाये फिर भी इस फिल्म में पति की दूसरी शादी होती है। किन परिस्थितियों में यह शादी होती है, ये तो फिल्म देखने के बाद ही दर्शकों को मालूम चलेगा। निर्देशक संतराम का कहना है कि भोजपुरी में हटकर ये फिल्म बन रही है, और दर्शको को बहुत पंसद आएगी। यही नही इस फिल्म के गाने भी बडे कर्णप्रिय है जो सुनने के साथ ही लोग उसे गुनगुनायेंगे। इसके संगीतकार अनुज तिवारी घुंघरू है। नृत्य निर्देशक विवेक थापा, सोनू प्रीतम और अमित कश्यप तोताराम है। इसके ड्रेस डिजाईनर विवेक पटेल है।

सितारों की अदाएं

लाइफ स्टाइल



नई दिल्ली में हाल ही में हुए फैशन शो में कई फिल्मी सितारों के शिरकत की। रैम्प पर जलवे बिखेरते इन सितारों को भरपूर प्रशंसा मिली। इस शो में अरबाज खान, रिद्धिमा पंडित, नर्गिस फाखरी सहित कई सितारे फैशन के नए अंदाज पेश करते नजर आए।

## गोल्डन लटकन के ये डिजाइंस हैं सबसे अलग



बाजार में रेडीमेड कपड़े मिलते हैं उसमें कोई भी लटकन को लगा दिया जाता है। इससे कई बार ड्रेस अच्छी नहीं लगती है। ऐसे में आप अपनी पसंद की गोल्डन लटकन लगा सकती हैं। इससे आपका आउटफिट सुंदर लगेगा।

### गोल्डन बीड्स वाली लटकन

अगर आप सूट, साड़ी के ब्लाउज या लहंगे में लगाने के लिए लटकन सर्च कर रही हैं, तो इसके लिए आप इन बीड्स वाली लटकन लगा सकती हैं। इसे आप पीछे बैक डिजाइन वाली डोरी पर भी लगा सकती हैं। साथ ही, आगे अगर आप डोरी डिजाइन के लिए लगा रही हैं, तो उसपर भी इस तरह की लटकन को लगा सकती हैं।

### गोल्डन बटन डिजाइन वाली लटकन

आप कुछ नया ट्राई करने के लिए इस बटन डिजाइन वाले लटकन को भी अपने आउटफिट में लगा सकती हैं। इससे आपका आउटफिट फैंसी लगेगा। इसमें आपको बटन और बीड्स के साथ लटकन का डिजाइन मिलेगा। इसे आप ब्लाउज में लगा सकती हैं। साथ ही, लहंगा या अन्य आउटफिट में इसे लगा सकती हैं।

### मिरर वर्क लटकन डिजाइन

अगर आपको अपने आउटफिट को फैंसी बनाना है, तो इसके लिए आप इस मिरर वर्क वाली लटकन को लगा सकती हैं। इसमें आपको राउंड से लेकर स्क्वेयर डिजाइन में यह लटकन मिल जाएगी। जिसे आप सूट, साड़ी के ब्लाउज और लहंगे में लगा सकती हैं।

## मंगलसूत्र के कुछ खास डिजाइंस जो आपके मन भाएंगे आपके



पुराने ट्रेडिशनल लगने वाले मंगलसूत्र के डिजाइंस से अगर आपका मन भी ऊब गया है, तो कुछ लेटेस्ट डिजाइन आप एक बार ट्राई कर सकती हैं। जब मंगलसूत्र डिजाइन का चुनाव करने की बारी आती है, तब हम बहुत ही कंफ्यूज हो जाते हैं। हमें बहुत सारी बातों का ध्यान रखना पड़ता कि मंगलसूत्र हैवी हो या लाइट, उसकी कीमत हमारे बजट में हो और दिखने में सबसे अलग भी नजर आए।

### अमेरिकन डायमंड मंगलसूत्र डिजाइंस



अब काले मोती की लड़ में सोने का लटकता पेंडेंट वाला मंगलसूत्र आउटडेटेड हो चला है। अब जमान फैंसी लुक वाले मंगलसूत्र का है और सोने के मंगलसूत्र में आपको बहुत सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। आप यदि बहुत ज्यादा महंगा मंगलसूत्र नहीं खरीदना चाहती हैं, तो 14, 18 और 20 कैरेट गोल्ड में आपको लाइटवेट मंगलसूत्र मिल जाएगा। आप इस तरह के मंगलसूत्र में अमेरिकन डायमंड वाला छोटा या बड़ा पेंडेंट भी लगवा सकती हैं। जहां तक बात काले मोती की है, तो अब शगुन के 11 या 21 काले मोती के साथ भी मंगल सूत्र तैयार हो रहे हैं, तो आप भी अपने लिए ऑर्डर पर ऐसा ही मंगलसूत्र बनवा सकती हैं।

### नाम और फोटो वाले मंगलसूत्र डिजाइंस



नाम वाले मंगलसूत्र का फैशन नया नहीं है, मगर इस डिजाइन का क्रेज अभी तक महिलाओं के अंदर है और अब इसमें नया अपडेट यह है कि आपको फोटो फ्रेम के साथ इस तरह के मंगलसूत्र मिल जाएंगे, जिसमें आप अपनी शादी की तस्वीर या फिर पति की फोटो लगवा सकती हैं। यदि दिखने में बहुत अच्छे लगते हैं। इस तरह के मंगलसूत्र में आपको डिजाइन ऑप्शन कम मिलेंगे, मगर आप फॉन्ट को अपनी पसंद के अनुसार चुनकर मंगलसूत्र को थोड़ा नया लुक दे सकती हैं। यह मंगलसूत्र भी आपको ऑर्डर पर बनवाना होगा और इसमें अधिकांश लाइटवेट मंगलसूत्र ही आपके देखने को मिलेंगे।

### कुंदन मंगलसूत्र डिजाइन

अगर आप हाथ और गले दोनों के लिए मैचिंग मंगलसूत्र डिजाइन तलाश रही हैं, तो आपको गोल्ड एवं आर्टिफीशियल दोनों में ही इस तरह के मंगलसूत्र मिल जाएंगे। आप इनहें ऑर्डर पर भी बनवा सकती हैं। आजकल कुंदन वर्क को बहुत ज्यादा पसंद किया जा रहा है और ज्वेलरी में आपको इसमें एक नहीं दर्जनों ऑप्शन मिल जाएंगे। आपको इसमें छोटे और बड़े दोनों प्रकार के कुंदन में अलग-अलग शेप में मंगलसूत्र के पेंडेंट मिल जाएंगे, आपको केवल उनमें अपनी पसंद की चेन लगवानी होगी।

## आंखों के नीचे पड़ रहे हैं एजिंग स्पॉट्स, तो अपनाएं ये ब्यूटी हैक्स



40 की उम्र होने के बाद आखों के नीचे पड़ रही हैं झाइयां, तो ये घरेलू नुस्खे आपके आ सकते हैं काम। एक बार जरूर ट्राई करके देखें। उम्र बढ़ने के साथ-साथ त्वचा में बहुत सारे बदलाव आते हैं। आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स आना या फिर झाइयां पड़ना भी इन्हीं में से एक। यह दिक्कत आम तौर पर हर किसी को उम्र के 35वें पड़ाव पर पहुंचते-पहुंचते हो जाती है। खासतौर पर 40 की उम्र की महिलाओं के चेहरे पर आपको एजिंग स्पॉट्स नजर आए जाएंगे। ब्यूटी एक्सपर्ट डॉक्टर भारती तनेजा कहती हैं, ₹ आंखों के नीचे का हिस्सा गतिशील नहीं होता है, इसलिए एजिंग स्पॉट्स आने की सबसे ज्यादा संभावनाएं वहीं होती हैं। इसलिए आपको चेहरे की मसाज नियमित करनी चाहिए और आप रसोई में मौजूद कुछ चीजों का भी प्रयोग कर सकती हैं। ₹

### क्यों पड़ते हैं आंखों के नीचे एजिंग स्पॉट्स?

एज फैक्टर के अलावा इसके दो कारण हो सकते हैं। पहले तो यह कि आंखों के नीचे आप मसाज नहीं करती हैं और दूसरा यह कि आप बहुत ज्यादा धूप में रहती हैं। दरअसल, धूप में रहने की वजह से त्वचा में मेलेनिन ज्यादा बनने लगता है और इससे चेहरे पर डार्क स्पॉट्स उभर आते हैं। आंखों के नीचे डार्क स्पॉट्स को कम करने के उपाय

एलोवेरा जेल और गुलाबजल को मिक्स करके आइस ट्रे में मिश्रण को डालें और आइस क्यूब्स बना लें। फिर आप इन आइस क्यूब्स को आंखों के नीचे लगाएं। नियमित रूप से आप 5 मिनट ऐसा करें। इससे आपकी आंखों के नीचे के डार्क सर्कल्स और स्पॉट्स दोनों ही गायब हो जाते हैं।

## रोजाना इस्तेमाल वाली लिपस्टिक को फ्रिज में रखना कितना जरूरी? जानिए

मेकअप करना हम सभी पसंद करते हैं और इसमें सबसे ज्यादा लिपस्टिक को होंठों पर हम लगाते हैं। वहीं गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। इस मौसम में अक्सर हम लिपस्टिक को स्टोर करने के लिए अलग-अलग तरीकों को आजमाते हैं।

ऐसे ही सबसे ज्यादा हमने देखा होगा कि लिपस्टिक को फ्रिज में रखा जाता है। आखिर यह क्यों किया जाता है और यह कितना सही है? क्या आप जानते हैं?

लिपस्टिक के कई प्रकार होते हैं और सभी टेक्सचर को हम फ्रिज में नहीं रख सकते हैं। अक्सर गर्मी के मौसम में हम ज्यादातर क्रेयॉन या वैक्स लिपस्टिक को पिघलने से

### सि तरह की लिपस्टिक को फ्रिज में रखना चाहिए?



मार्केट में आपको अनेक प्रकार की लिपस्टिक टेक्सचर देखने को मिल जाएंगे। इसमें ज्यादातर आपको क्रेयॉन और लिक्विड प्रोडक्ट्स देखने को मिलेंगे। बता दें कि मैट, ग्लॉस और सेमी मैट लिपस्टिक को स्टोर करने के तरीके एक दूसरे से बिल्कुल अलग होते हैं। ज्यादातर क्रेयॉन में मिलने ग्लॉसी और सेमी मैट लिपस्टिक को गर्मी के मौसम में पिघलने से बचाने के लिए आप इसे फ्रिज में रख सकती हैं। वहीं लिक्विड में केवल ग्लॉस या शाइन वाली लिपस्टिक को आप फ्रिज में रख सकती हैं।

### किस तरह की लिपस्टिक को फ्रिज में नहीं रखना चाहिए?

ज्यादातर लिपस्टिक में ग्लॉस और मैट फिनिश को पसंद किया जाता है। ऐसे में हमें केवल ग्लॉस या शाइन वाली लिपस्टिक को ही फ्रिज में रखना चाहिए। गलती से भी आपको फ्रिज में मैट फिनिश लिपस्टिक को नहीं रखना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि मैट लिपस्टिक में ऑयली प्रदार्थ कम होते हैं और फ्रिज में रखी हुई लिपस्टिक को सीधे होंठों पर लगाने से ये लिप्स को ड्राई कर सकती हैं। ऐसे में आपको लिपस्टिक की सही फिनिश भी नहीं मिल पाएगी।

कार्नर न्यूज

पुरुषों के लिए फैशन में ऑप्शन कम, चुनें सावधानी से

## जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग के लिए अपनाना चाहिए स्टाइलिश और मिनिमल लुक

*कुछ फैशन जेंडर न्यूट्रल होते है। जिसमें आत्मविश्वास, आराम और बेहतरीन लुक बराबर मिलेगा। मगर कुछ खास टिप्स आजमाने के बाद। ऐसे मौके पर पुरुष इन्हें अपना सकते हैं जब उनके पास विकल्प कम हो। जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग ऐसी होती है जो किसी एक जेंडर को नहीं दिखाती है। बल्कि इसे किसी भी जेंडर के फैशन में शामिल किया जा सकता है। इसको आजमाने का आपने भी इरादा किया है तो चलिए खास टिप्स जान लीजिए-*



### सफेद शर्ट सबकी फेवरेट

सफेद शर्ट के साथ जींस आपने कई बार पहनी होगी। लेकिन क्या कभी सोचा है कि ये लुक जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग का ही हिस्सा है। सफेद शर्ट किसी भी बॉटम पर चल जाती है और अच्छी भी सभी पर लगती है। अगर आपको थोड़ा स्टाइलिश लगना है तो इसके ऊपर के दो चार बटन खोले भी जा सकते हैं।

### जेंडर न्यूट्रल एसेसरीज

जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग के लिए आप एसेसरीज का सहारा भी ले सकते हैं। ये वो एसेसरीज हैं जो किसी भी जेंडर की ड्रेसिंग में आराम से शामिल हो जाते है। इन एसेसरीज को पहचान लीजिए-सस्पेंडर बेसबॉल कैप स्कार्फ बेल्ट जैकेट के लिए पिन टाई सनग्लासेस

### 3.ब्लेजर हैं बेस्ट

ब्लेजर ऐसा पहनावा हैं जो किसी भी ड्रेसिंग में आराम से शामिल हो जाते हैं। ये किसी भी लुक को बेहतर करने में मदद भी करते हैं। इसलिए अगर आप जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग कर रहे हैं तो एक अच्छा डार्क कलर का ब्लेजर आप पर बहुत अच्छा लगेगा।

### डबल स्लीव्स वाला फैशन

ये फैशन काफी इन था। इसमें फुल स्लीव की टीशर्ट के ऊपर हाफ स्लीव टी शर्ट पहनी जाती थी। इसके साथ कार्गो का ढीला ढाला लुक काफी अच्छा लगता था। ये पूरा लुक भी जेंडर न्यूट्रल लुक है। इसको आप पहनिए और जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग अपनाइए। इसमें कोशिश कीजिए दोनों में से एक टी शर्ट डार्क कलर की तो एक टी शर्ट हलके रंग की हो।

